दैनिक

बुलन्द मंज़िल

Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

PRGI NO. - UPBIL/25/A4797

उ.प्र. के जनपद सम्भल से प्रकाशित...

बरेली मण्डल व मुरादाबाद मण्डल के जनपद अमरोहा, रामपुर, बिजनौर से प्रसारित...

वर्ष : 01 | अंक : 112 | संभल, शनिवार 04 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य: 05/-रू.



पेज :- 03- पेड़ पर लटका मिला 17 वर्षीय किशोर का शव....

पेज :- 04- आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही....

असम चुनाव में गरजे सीएम योगी, विपक्ष पर साधा निशाना

असम को नहीं बनने देंगे लव जेहाद की धरती

यूपी देख लीजिए, अब वहां सड़कों पर नमाज नहीं होती



बारपेटा/लखनऊ। असम में जनसभा के दौरान सीएम योगी ने कांग्रेस और यूडीएफ पर तीखा हमला बोला। उन्होंने घुसपैठ, जनसंख्या बदलाव और सांस्कृतिक संरक्षण का मुद्दा उठाया। भाजपा सरकार को विकास और सुरक्षा के लिए जरूरी बताया तथा असम में दोबारा समर्थन की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को असम के चुनावी रण में उतरे। एनडीए उम्मीदवार दीपक कुमार दास के पक्ष में बारपेटा में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस व यूडीएफ पर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस चुनाव के पहले ही मैदान छोड़कर भाग गई, जबकि यूडीएफ को भी बंगाल की खाड़ी में फेंकने का समय आ गया है। उन्होंने असमवासियों से एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया और कहा कि घुसपैठियों को बाहर करना है और असम की डेमोग्राफी को बदलने नहीं देना है। एनडीए का संकल्प है कि असम को लव जेहाद-लैंड जेहाद की धरती नहीं बनने देंगे। यहां घुसपैठ नहीं होने देंगे। कांग्रेस व यूडीएफ की घुसपैठियों के जरिये डेमोग्राफी बदलने की साजिश सफल नहीं होने देंगे। एक-एक घुसपैठी को चिह्नित कर यहां से बाहर करने की भी व्यवस्था हो रही है। असम में घुसपैठ की जननी है यूडीएफ, कांग्रेस उसकी सहयोगी

यूपी में धर्मस्थल से नहीं आती चिल्लाने की आवाज

सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने तय किया है कि असम को घुसपैठ का अड्डा नहीं बनने देंगे और दंगाइयों को निकाल बाहर करेंगे। कांग्रेस व यूडीएफ को जब भी अवसर मिला, इन्होंने भारत व भारतीयता को अपमानित किया। यूडीएफ असम में घुसपैठ की जननी है। घुसपैठियों के बल पर असम की सत्ता पर कब्जा करना चाहती है। कांग्रेस उनकी सहयोगी बनकर असम की संस्कृति से खिलवाड़ कर रही है। वहीं एनडीए सरकार असम की सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करते हुए हर घुसपैठिए को बाहर कर डेमोग्राफी को चेंज करने की साजिश को विफल कर रही है। सीएम योगी ने असम को गौरव की धरा बताया सीएम ने असमवासियों को रंगोली बिहू उत्सव की शुभकामना दी। उन्होंने असम को भारत के गौरव की धरा बताया और कहा कि हर भारतवासी यहां मां कामाख्या के दर्शन करने आता है। यहां की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व समृद्ध परंपरा ने ह्यएक भारत-श्रेष्ठ भारतह्ण के निर्माण में महती भूमिका का निर्वहन किया है। वैष्णव परंपरा में श्रीमंत शंकर देव व माधव देव की पावन धरा ने नई ऊंचाई के साथ इसे एकता, भक्ति व मानवता के संदेश की भूमि के रूप में परिवर्तित किया है। असम का काजीरंगा नेशनल पार्क राइनो के साथ जैव विविधता के लिए जग विख्यात है। अहोम राजवंश ने इसी पावन धरा में विदेशी आक्रांताओं के छक्के छुड़ाकर अहोम की समृद्ध संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक ले जाकर भारत की रक्षा में योगदान दिया था। अहोम राजवंश के महान नायक लचित बोरफुकन का अदम्य साहस, शौर्य व पराक्रम भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा रहा है। असम ने मेहनत, परिश्रम व पुरुषार्थ से चाय की चुस्की को दुनिया तक पहुंचाया। असम अब चाय के साथ चिप के उत्पादन की केंद्रभूमि भी बन रही है।

आप में छिड़ी रार

अनुराग ढांडा का राघव चड्ढा पर प्रहार, कहा, केजरीवाल के सिपाही की निडरता ही है पहचान

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के सिपाही की निडरता पहचान है। आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को पार्टी के सांसद राघव चड्ढा पर प्रहार करते हुए कहा कि हम केजरीवाल के सिपाही हैं। निडरता पहली पहचान है हमारी। कोई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डर जाए तो लड़ेगा क्या देश के लिए? उन्होंने कहा, संसद में थोड़ा सा समय मिलता है बोलने का पार्टी को, उसमें या तो देश बचाने का संघर्ष कर सकते हैं या एयरपोर्ट कैंटीन में समोसे सस्ते करवाने का। गुजरात में हमारे सैंकड़ों कार्यकर्ता भाजपा की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए, क्या सांसद साहब सदन में कुछ बोले? पश्चिम बंगाल में वोट का



प्रस्ताव आया मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ तो भाई साहब ने साइन करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा, पार्टी ने सदन से वाकआउट किया तो मोदी जी की हाजिरी लगाने के लिए बैठे रहते हैं। पिछले कुछ सालों से तुम डर गए हो राघव। मोदी के खिलाफ बोलने से घबराते हो। देश के असली मुद्दों पर बोलने से घबराते हो। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दावा किया कि राघव चड्ढा पार्टी लाइन से अलग होकर कई काम करते हैं। उन्होंने कहा, हम लोग अरविंद केजरीवाल के सच्चे सिपाही हैं और उनसे हमने एक ही बात सीखी है निडरता, हिम्मत और साहस के साथ लड़ना और संघर्ष करना। उन्होंने श्री चड्ढा से सवाल करते हुए कहा कि जब मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रस्ताव आता है तो आप साइन नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोगों के वोट के अधिकार छीने जा रहे हैं, दिल्ली में हमने देखा कि चुनाव आयोग का दुरुपयोग किस तरह से हुआ, पंजाब का मुद्दा होता है उस वक्त भी आप खामोश रहते हैं।

सार संक्षेप

दिल्ली पहुंचा सत्तन गुरु कुर्सी विवाद! कनुप्रिया बोली, ये सोची समझी साजिश

इंदौर। इंदौर में भाजपा के वरिष्ठ नेता व कवि सत्तन गुरु को सीएम मोहन के कार्यक्रम में कुर्सी न मिलने वाला मामला अब दिल्ली तक पहुंच गया है। मंच पर कुर्सी न मिलने की वजह से यह घटना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनती नजर आ रही है। भाजपा बेटी कनुप्रिया ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है जिसमें गंभीर आरोप लगाए हैं। कनुप्रिया ने इस महज एक इत्तफाक नहीं बल्कि सोची समझी साजिश बताया है। कनुप्रिया ने पीएम मोदी के नाम खुला पत्र लिखते हुए कहा कि, पिता को सीएम के कार्यक्रम में कुर्सी ने मिलना एक सोची समझी साजिश है। बता दें कि सत्तन गुरु कार्यक्रम में कुर्सी न मिलने से नाराज होकर लौट आए थे। कार्यक्रम में अतिथि सूची में उनका नाम था इसके बावजूद भी कुर्सी नहीं दी गई। कांग्रेस नेत्री व सत्यनारायण की बेटी कनुप्रिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि 29 मार्च को दशहरा ग्राउंड पर आयोजित नगर निगम के भव्य कार्यक्रम में सीएम मोहन यादव के अतिथ्य में भाजपा के वरिष्ठ नेता और कवि सत्यानारायण सत्तन के साथ अपमानजनक घटना हुई। अतिथि सूची में उनका नाम शामिल था, लेकिन जानबूझ कर सोची समझी साजिश के तहत उन्हें कुर्सी नहीं दी गई। यह घटना लोकतांत्रिक मूल्य के विरुद्ध हुई प्रतीत होती है। इस संबंध में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

नाव पलटने से 25 महिलाएं नदी में गिरीं, मची अफरा-तफरी

शिवहर। बिहार के शिवहर जिले में बागमती नदी में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जब मजदूरी के लिए जा रही महिलाओं से भरी नाव अचानक पलट गई। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और प्रशासन तुरंत राहत-बचाव कार्य में जुट गया। मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवा गांव के पास हुआ। बताया जा रहा है कि लगभग 25 महिलाएं नदी पार कर खेतों में गेहूं काटने जा रही थीं। इसी दौरान बागमती नदी के बीच धारा में नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों और नाविकों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। उनकी तत्परता से 24 महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि एक महिला अब भी लापता है।

उपराष्ट्रपति ने किया ईसा मसीह के बलिदान को याद

पीएम मोदी ने दिया देश के नाम संदेश



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुड फ्राइडे के मौके पर ईसा मसीह के बलिदान को याद किया और कहा कि यह उनके प्रेम, करुणा और क्षमा के शाश्वत संदेश पर चिंतन करने का दिन है। राधाकृष्णन ने कहा कि शुभ फ्राइडेश् ईसा मसीह के प्रेम, करुणा और क्षमा के शाश्वत संदेश पर चिंतन करने का दिन है। उपराष्ट्रपति ने कहा, उनका जीवन और शिक्षाएं हमें विनम्रता, निस्वार्थ भाव रखने और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। यह दिन सत्य के मार्ग पर चलने, समाज में सद्भाव को प्रोत्साहित करने के हमारे संकल्प को और मजबूत करे। गुड फ्राइडे ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाये जाने पर उनके बलिदान की याद में मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसा मसीह के बलिदान को याद और देशवासियों के लिए एक विशेष संदेश साझा करते हुए सद्भाव, करुणा और क्षमा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह दिन सद्भाव, करुणा और क्षमा के मूल्यों को और अधिक गहरा करे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शुभ फ्राइडेश् हमें ईसा मसीह के बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने कहा, यह दिन सद्भाव, करुणा और क्षमा के मूल्यों को और मजबूत करे। भाईचारा और आशा हम सभी का मार्गदर्शन करें। भाईचारा और आशा हम सभी का मार्गदर्शन करें। गुड फ्राइडे को दुनिया भर के ईसाई ईसी मसीह के सूली पर चढ़ने की याद में मनाते है और इसे सोच-विचार, प्रार्थना और प्रायश्चित का एक पवित्र दिन माना जाता है। यह ईस्टर संडे से पहले के पवित्र सप्ताह का हिस्सा है। इस दिन का आध्यात्मिक महत्व है, जो बलिदान, मुक्ति और माफी की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा, भारत, जहां विभिन्न धर्मों का पालन करने वाली विविध आबादी रहती है, कई राज्यो में गुड फ्राइडे को सार्वजनिक अवकाश के रूप में मनाया जाता है। देशभर के चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाती हैं, जबकि कई श्रद्धालु उपवास रखते हैं और यीशु मसीह के अंतिम घंटों का पुनर्निर्माण करने वाली शोभायात्राओं में भाग लेते हैं प्रधानमंत्री का यह संदेश ऐसे समय में आया है जब राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों के नेताओं ने भी शुभकामनाएं दीं, और एकता तथा साझा मूल्यों पर जोर दिया। उनकी यह टिप्पणी धार्मिक सीमाओं से परे गुड फ्राइडे के संदेश की व्यापक प्रासंगिकता को रेखांकित करती है, जो एक बहुलतावादी समाज में शांति और सह-अस्तित्व के आदर्शों के साथ गूंजती है। प्रधानमंत्री ने संदेश में कहा, जैसा कि भाईचारा और आशा हमारा मार्गदर्शन करते हैं, ये कालातीत शिक्षाएं एक अधिक करुणामय और समावेशी दुनिया के निर्माण में आवश्यक बनी रहती हैं।ष् यह अवसर आज के समय में सहानुभूति और मेल-मिलाप के महत्व की याद दिलाता रहता है, जहां समुदाय आत्मचिंतन और एकजुटता के साथ एकत्रित होते हैं। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे के अवसर पर राज्य के ईसाई समुदाय को यीशु मसीह के बलिदानों को याद करने को कहा।

फिल्म शूटिंग का नया हब बना बिहार, 45 फिल्मों की शूटिंग को मिली मंजूरी


पटना। बिहार में 45 फिल्मों की शूटिंग को मंजूरी मिली है। ये फिल्में भोजपुरी, हिंदी, मगही और हिंदी-मैथिली जैसी कई भाषाओं में बनाई जा रही हैं। इनमें 22 हिंदी, 19 भोजपुरी, एक मगही, एक अंग्रेजी एवं भोजपुरी, एक हिंदी एवं मैथिली फिल्में शामिल हैं। बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड की ओर से वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए जारी सूची के अनुसार कुल 45 फिल्मों/प्रोजेक्ट्स की शूटिंग बिहार में की जा रही है। इनमें 38 फीचर फिल्में, छह डॉक्यूमेंट्री और एक वेब सीरीज हैं। इन सभी फिल्मों को राज्य सरकार की बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति के तहत सब्सिडी और अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। वर्ष 2024 के जुलाई से अब तक कुल 39 फिल्मों की शूटिंग पूरी हो गई है बजकि बाकि फिल्मों की शूटिंग चल रही है। सूची में शामिल प्रमुख फिल्मों में संघतिया, द लॉन्ग जर्नी होम, बिहार का जलवा, सुहागिन के सेनुर, लाईफ लीला, जिंदगी बितवनी तोहरे प्यार में, घर का बंटवारा, नारी, रजनी की बारात, ओह माय डॉग, टिया, सुगनी, पतिदान, छठ, पेन ब्रश, बिहान, अनमोल घड़ी, बंटवारा, अंबे है मेरी मां, बेटी बनल विजेता, अखंड भेदम, बिहारी भौजी, वृहस्पति व्रत कथा, जय मईया शारदा भवानी, जिंदगी एक प्रेम कथा, मईया थावे वाली, मगध पुत्र, आखिरी लेसन, इकोस ऑफ द एबसेंट, चंपारण सत्याग्रह, डोंट टर्न, हालात, आदि शक्ति मुंडेश्वरी, जीवन की शतरंज, बोध गया का महाबोधि मंदिर, अंधेरे में रोशनी की किरण, डिजिटल युग का संस्कार, बजरंगी, गुंबद, प्यार त पागल होला, बिहार लेजिस्लेटिव असेंबली चेयरमैन अपटू 2025, ऑफलाइन, आईडल, मिस बिहार और द आउट कास्ट बड शामिल हैं। फिल्मों की शूटिंग राज्य के विभिन्न प्रमुख स्थलों जैसे राजगीर, बोधगया, पटना, गया, मुंगेर और चंपारण में हो रही है।



मुख्यमंत्री योगी जनपद वाराणसी के सर्किट हाउस में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से भेंट वार्ता करते हुए।

महिला आरक्षण पर सियासत तेज, कांग्रेस ने सरकार से मांगा स्पष्ट जबाव

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि सरकार ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने तथा चुनावी लाभ हासिल करने के लिए इस महीने संसद का विशेष सत्र बुलाया है, जो चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन करके दोबारा श्रेय लेना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के साथ परिसीमन का भी एकतरफा फैसला किया, जबकि इस बारे में विपक्ष के साथ कोई बातचीत नहीं की। महिला आरक्षण विधेयक पारित करने के लिए वीरवार को संसद का वर्तमान बजट सत्र बढ़ा दिया गया और अब लोकसभा तथा



राज्यसभा की अगली बैठक 16 अप्रैल को होगी। दोनों सदनों की तीन दिवसीय बैठक 16 से 18 अप्रैल के बीच हो सकती है। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, संसद का वर्तमान बजट सत्र वीरवार, दो अप्रैल को ही संपन्न होना था। रमेश ने संवाददाताओं से कहा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 16 मार्च को मल्लिकार्जुन खड़गे जी को पत्र लिखकर कहा था कि सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर बातचीत करना चाहती हैं। खड़गे जी ने जवाब दिया कि सभी दलों की बैठक बुलाई जाए, जिसमें सरकार लिखित रूप से प्रस्ताव दे कि वह क्या करना चाहती है। उनके मुताबिक, 24 मार्च को विपक्षी नेताओं ने रीजीजू को लिखकर फिर कहा कि 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए, क्योंकि 29 अप्रैल तक पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न हो जाएंगे। रमेश ने कहा कि 26 मार्च को रीजीजू जी फिर खड़गे जी को पत्र लिखकर कहते हैं कि कांग्रेस सरकार से बातचीत करे। खड़गे जी ने जवाब में दोहराया कि 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए।

मालदा हिंसा का मुख्य मास्टरमाइंड अरेस्ट, बागडोगरा एयरपोर्ट से दबोचा गया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस ने मालदा जिले में सात न्यायिक अधिकारियों को घंटों बंधक बनाने की घटना के मुख्य साजिशकर्ता एडवोकेट मोफक्करुल इस्लाम को



गिरफ्तार कर लिया है। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, मोफक्करुल इस्लाम को उत्तर बंगाल के बागडोगरा हवाई अड्डे से उस समय पकड़ा गया, जब वह राज्य छोड़कर भागने की फिराक में था। घेराव की यह चर्चित घटना बुधवार शाम मालदा के कालियाचक- खंड विकास कार्यालय में हुई थी। यहां मतदाता सूची के शिवशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे तीन महिला जजों समेत सात न्यायिक अधिकारियों को असामाजिक तत्वोंश् की एक उग्र भीड़ ने घंटों तक घेरे रखा था। इन अधिकारियों को देर रात के बाद ही सुरक्षित निकाला जा सका था। इस घटना पर उच्चतम न्यायालय ने भी स्वतः संज्ञान लेते हुए पश्चिम बंगाल सरकार और प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई और न्यायाधीशों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया।

अमृतकाल नहीं, सनातनियों का संकटकाल है:अखिलेश

लखनऊ (संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में अमृतकाल नहीं, बल्कि संकटकाल चल रहा है। समाजवादी पार्टी अब गांव-गांव जाकर डॉ. भीमराम अम्बेडकर की जयंती मनाएगी और संविधान पर चर्चा करेगी। अखिलेश ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रही है और लोकतंत्र की जगह एकतंत्र लाना चाहती है। यह अमृतकाल नहीं है, यह सनातनियों का संकटकाल चल रहा है। संत मारे जा रहे हैं, संतों की हत्याएं हो रही हैं, उनका अपमान किया जा रहा है। अखिलेश ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में लोहिया वाहिनी और छात्रसभा, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड



सहित अन्य संगठन के जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक बुलाई थी। इसी अवसर पर वे मीडिया से मुखातिब थे। अखिलेश यादव सपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हम समाजवादी लोग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के दिए हुए संविधान, डॉ लोहिया के दिखाया हुए रास्ते और नेताजी के आदर्शों पर चलकर समाजवादी व्यवस्था लागू करना चाहते हैं। दूसरी ओर भाजपा की सरकार है, जो सौदागर की तरह काम कर रही है। हर चीज बेच रही है। उनका लक्ष्य केवल मुनाफा कमाना है। उनके भ्रष्टाचार की वजह से महंगाई बढ़ रही है। नौजवानों को सिर्फ बड़े-बड़े निवेश के सपने दिखाए गए। पढ़े-लिखे नौजवानों के हाथों में रोजगार नहीं है। सरकार से पूछो कि निवेश से कितने रोजगार के अवसर बने, तो आंकड़े नहीं बताते। यह संविधान से चलने वाले वाले लोग नहीं हैं। यह मन विधान से चलने वाले लोग हैं। हम लोग लोकतंत्र को मजबूत करना चाहते हैं। संविधान हमारा रक्षक है। संविधान हमारी बुनियाद है। उसी बुनियाद को यह संस्थाओं के माध्यम से हिलाना चाहते हैं। उसको कमजोर करना चाहते हैं। हम पीडीए के लोग एकजुट होकर 2024 की तरह भाजपा का मुकाबला करेंगे और 2027 की विधानसभा में हराएंगे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार बनाकर एक बार फिर विकास को गति देंगे। अखिलेश यादव ने सीएम योगी के जापान दौरे पर तंज कसा। कहा कि ये लोग जापान घूम आए, लेकिन वहां से भी कुछ नहीं सीखा। कम से कम जापान देखकर सरकार की आंखें तो खुल जानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा लगता यह है कि जापान देखने के बाद आंखें बंद हो गई हैं। हमारे प्रदेश में एक खास वनस्पति हर जगह पकड़ी जा रही है। लगता तो प्रदेश में वनस्पति का कहीं रिसर्च सेंटर ना खुल जाए। पता ही नहीं चलता कि असल में है कि असर से है। क्योटो (गोरखपुर) का हाल आपने देखा ही होगा कि किस तरह वहां गोली चल रही है। मुख्यमंत्री की नगरी में उन्हीं के सांसद, उन्हीं के नेता सरकार पे और सरकार के सबसे करीब लोगों के ऊपर आरोप लगा रहे हैं। उनके एक राज्यसभा सांसद ने तो यहां तक कह दिया कि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो सरकार का डैश-डैश-डैश कर देंगे। आप सोचिए, इस सरकार में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। शिक्षा विभाग को खत्म कर दिया है। प्राइमरी एजुकेशन को खत्म कर दिया। स्वास्थ्य का हाल तो हम लोग देख ही रहे हैं। एंबुलेंस में लोगों की जान जा रही है। गलत ऑपरेशन हो रहे हैं।

संपादकीय

संगठनिक दरारों से जूझती कांग्रेस!

सत्ता के शिखर तक पहुंचने का मार्ग अनुशासित संगठन, अचूक रणनीति और नेतृत्व के प्रति अडिग विश्वास की नींव पर टिका होता है। यदि इन बुनियादी स्तंभों में ही दरार पड़ जाए, तो राजनीतिक क्षरण रोकना असंभव हो जाता है। मध्य प्रदेश कांग्रेस की वर्तमान स्थिति इसी कड़वे सत्य का जीवंत प्रमाण बनी हुई है, जहां सांगठनिक दुर्ग के भीतर से उठती बगावत की आवाजें अब सड़क पर आ गई हैं। हाल ही में आहूत हुई प्रदेश कांग्रेस यूथ कांग्रेस की बैठक केवल एक औपचारिक विमर्श नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के दबे हुए आक्रोश का विस्फोट साबित हुई। जब प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने आत्मविश्वास के साथ अपने कामकाज का फीडबैक मांगा, तो उन्हें जो प्रत्युत्तर मिले, उन्होंने पार्टी के भीतर व्याप्त 'पसंद-नापसंद' की संस्कृति की पोल खोल दी। कार्यकर्ताओं का यह कहना कि नेतृत्व केवल अपनों या चहेतों तक सीमित है, इस बात की पुष्टि करता है कि धरातल पर काम करने वाला कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा है। विडंबना यह है कि जहां शीर्ष नेतृत्व 'संवाद' का दावा करता है, वहीं धरातल पर सिर्फ भाषण और फिर प्रस्थान की कार्यशैली हावी है। वरिष्ठ नेताओं और युवा कार्यकर्ताओं के बीच का यह भाषाई और भावनात्मक फासला पार्टी को खोखला कर रहा है। बैठक में आए कार्यकर्ताओं की नाराजगी हो या निष्कासित पदाधिकारियों के समर्थकों का हंगामा, ये तमाम घटनाक्रम बताते हैं कि अनुशासन अब कांग्रेस में समाप्त हो चुका है। जब बूथ और वार्ड स्तर के अभियानों को महज 'भीड़ जुटाने का जरिया' मान लिया जाए, तो स्पष्ट है कि सांगठनिक दृष्टि दिशाहीन हो चुकी है। नियुक्तियों में योग्यता के बजाय अपनों को तवज्जो देने की परिपाटी ने निष्ठावान कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ दिया है। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि जो दल अपने घर के भीतर की कलह को शांत करने में अक्षम हो, वह भाजपा को कैसे चुनौती देगा? प्रदेश कांग्रेस के लिए यह आत्ममंथन का समय है, वरना यह बिखराव उसे हाशिए पर धकेल देगा।

घरेलू उत्पादन से मजबूत होगी ऊर्जा सुरक्षा

आज के वैश्विक परिदृश्य में यह स्थापित सत्य बन चुका है कि आर्थिक विकास की असली धुरी केवल औद्योगिक विस्तार नहीं, बल्कि सुरक्षित और सतत् ऊर्जा (खासतौर पर क्रूड ऑयल और प्राकृतिक) की आपूर्ति है। ऊर्जा की निर्बाध उपलब्धता ही किसी भी राष्ट्र की विकास-गति को स्थिर और मजबूत बनाए रखती है। ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति शृंखला को झकझोर दिया है, तब भारत के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता का यक्ष प्रश्न और भी प्रासंगिक हो गया है। दरअसल, भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस का करीब 50 फीसदी हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा करता है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के लिए खाड़ी देशों पर निर्भरता बनी हुई है। हालांकि, दुनिया के कुल 41 देशों से गैस और कच्चे तेल का आयात किया जाता है। ऐसे में जब भी वैश्विक स्तर पर युद्ध, महामारी या भूराजनीतिक तनाव उत्पन्न होता है, तब उसका सीधा प्रभाव भारत की अर्थव्यवस्था, महंगाई दर और विदेशी मुद्रा भंडार के साथ-साथ जीडीपी पर अवश्य पड़ता है। हालिया परिस्थितियों में होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित अवरोध और खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता ने इस चुनौती को और गहरा किया है।

हालांकि, भारत सरकार घरेलू उत्पादन को लेकर गंभीर है और धीरे-धीरे ही सही लेकिन कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। इसी संदर्भ में भारत ने पिछले एक दशक में ऊर्जा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में गंभीर और रणनीतिक प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता में शामिल किया गया। इसका परिणाम अब ठोस परियोजनाओं के रूप में सामने आ रहा है। अरब सागर के अपतटीय क्षेत्र में स्थित दमन अपसाइड विकास परियोजना इसका जीवंत उदाहरण है, जिसने घरेलू गैस उत्पादन को नई दिशा दी है। इस परियोजना के अंतर्गत बी-12-24पी प्लेटफॉर्म से गैस उत्पादन की शुरुआत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुंबई तट से लगभग 180 किलोमीटर दूर स्थित इस परियोजना से प्राप्त गैस को हजीरा संयंत्र तक सफलतापूर्वक पहुंचाया जा रहा है, जिससे



इसके व्यावसायिक उपयोग का मार्ग प्रशस्त हुआ है। लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से तैयार इस परियोजना का दो वर्षों से भी कम समय में पूरा होना तकनीकी दक्षता और प्रबंधन कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण है।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस परियोजना में आधुनिक ड्रिल-डेक तकनीक का प्रभावी उपयोग किया गया, जिसने उत्पादन प्रक्रिया को तेज और कुशल बनाया। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 5 मिलियन मानक घन मीटर गैस उत्पादन की क्षमता के साथ यह परियोजना आने वाले समय में और विस्तार की संभावनाएं भी रखती है। चरणबद्ध तरीके से नए कुओं को जोड़कर उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजना इस दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। वैश्विक ऊर्जा संकट के इस दौर में घरेलू उत्पादन की यह वृद्धि भारत के लिए राहत का संकेत लेकर आई है। कतर जैसे प्रमुख आपूर्तिकर्ता देशों से गैस आपूर्ति में आने वाली बाधाओं के बीच यह पहल ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती देने का कार्य कर रही है। इससे न केवल आयात पर निर्भरता कम होगी, बल्कि ऊर्जा लागत को नियंत्रित करने में भी सहायता मिलेगी। ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार की नीतिगत पहलें भी उल्लेखनीय हैं। ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी-11) के तहत 80,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र को तेल और गैस अन्वेषण के लिए खोलना एक दूरदर्शी कदम है। इससे न केवल नए निवेश को आकर्षित किया जाएगा, बल्कि देश के भीतर ऊर्जा संसाधनों की खोज को भी गति मिलेगी। स्थलीय से लेकर अति-गहरे समुद्री क्षेत्रों तक फैले इन ब्लॉकों में संभावनाओं का विस्तार भारत की ऊर्जा क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है।

इसके साथ ही, भारत ने सौर, पवन, जल और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। हालांकि, यह भी स्पष्ट है कि प्रगतिकाल में जीवाश्म ईंधनों की भूमिका पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकती। ऐसे में गैस एक अपेक्षाकृत स्वच्छ और ऊर्जा स्रोत के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। दमन अपसाइड जैसी परियोजनाएं केवल उत्पादन बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक सोच और आत्मनिर्भरता के संकल्प का प्रतीक हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं के इस युग में घरेलू ऊर्जा संसाधनों का विकास ही दीर्घकालिक स्थिरता और आर्थिक सुदृढ़ता का आधार बनेगा। भारत ने इस दिशा में जो कदम बढ़ाए हैं, वे न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान हैं, बल्कि भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा की मजबूत नींव भी रखते हैं।

■ राममनोहर रायकवार



■ **मेष राशि**:- समय शानदार है, मन प्रसन्न रहेगा। कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी, प्रेम-संबंध सुधरेंगे।
■ **मिथुन राशि**:- समय ठीक हो गया है, भाग्य में आ रहे अवरोध दूर होंगे, धर्म में आस्था बढ़ सकती है।
■ **कर्क राशि**:- समय आज ठीक नहीं है, अनावश्यक परेशानियां उत्पन्न होंगी, प्रेम-संबंधों से बचने की कोशिश करें।
■ **सिंह राशि**:- समय की अनुकूलता लगातार आपके पक्ष में बनी हुई है, जितने भी जरूरी कामों को आने वाले एक-दो दिन में अवश्य कर लें।
■ **कन्या राशि**:- सितारे आज बेहद शानदार बने हुए हैं, आपके द्वारा सोचे गए काम आसानी से होंगे, स्वास्थ्य ठीक होगा।
■ **तुला राशि**:- सितारों की आज अनुकूलता आपके पक्ष में रहने जा रही है, मन शांत होगा और काम में रुचि बढ़ेगी।
■ **वृश्चिक राशि**:- समय आज ठीक नहीं है, कार्यक्षेत्र में अरुचि रहेगी। मन अप्रसन्न रहेगा, प्रेम-संबंधों से बचें।
■ **धनु राशि**:- समय आज बेहद शानदार है, आपकी सोचे गए काम आसानी से संपन्न होंगे, प्रेम-संबंध मधुर रहेंगे।
■ **मकर राशि**:- समय आज कमजोर बना हुआ है, मानसिक परेशानी बढ़ सकती है, धन की चिंता बढ़ेगी।
■ **कुंभ राशि**:- समय आज से सुधर रहा है, तनाव और परेशानियां दूर होंगी, लोगों से हुई मेल-मुलाकात आप को प्रसन्न कर सकती है।
■ **मीन राशि** :- समय आज कमजोर सा है, व्यर्थ की परेशानी और धन खर्च आपको परेशान करेगा, प्रेम संबंधों से बचें।
■ **वृषभ राशि**:- सितारे आज शानदार स्थिति में बने हुए हैं, आपके द्वारा सोचे गए काम आसानी से बनेंगे, मन प्रसन्न रहेगा।

लाल आतंक पर विकास और विश्वास की विजय



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की यह घोषणा कि भारत अब नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है, केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र के मनोबल में विश्वास की नई रोशनी है। दशकों तक देश के एक बड़े भू-भाग को प्रभावित करने वाला यह आंदोलन आज इतिहास के पन्नों में सिमटता नजर आ रहा है।

देश के लिए यह क्षण केवल सुरक्षा बलों की जीत नहीं, बल्कि लोकतंत्र की दृढ़ता और विकास की शक्ति का प्रमाण है। यह उपलब्धि उस दीर्घकालिक संघर्ष की परिणति है, जिसमें नीति, धैर्य और संकल्प का संतुलित समावेश रहा। 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से आरंभ हुआ यह आंदोलन मूलतः किसानों के अधिकारों की लड़ाई के रूप में सामने आया था। परंतु समय के साथ यह वैचारिक संघर्ष हिंसात्मक उग्रवाद में बदल गया। धीरे-धीरे यह रेड कॉरिडोर के रूप में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना तक फैल गया। इस दौरान नक्सलियों ने समानांतर सत्ता की संरचना खड़ी करने का प्रयास भी किया, जिससे आम नागरिकों का जीवन असुरक्षित और अस्थिर होता गया। भय और बंदूक के साये में विकास की संभावनाएं लगभग समाप्त हो गई थीं।

हालांकि, इस समस्या के समाधान के लिए समय-समय पर सरकारों ने प्रयास किए, लेकिन निर्णायक मोड़ तब आया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक समन्वित रणनीति अपनाई। इस रणनीति में कठोर सुरक्षा कार्रवाई के साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक विस्तार शामिल था। परिणामस्वरूप, जहां एक ओर सुरक्षा बलों ने माओवादी नेतृत्व को कमजोर किया, वहीं दूसरी ओर आम जनता को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य हुआ। डिजिटल कनेक्टिविटी, सड़क निर्माण और शिक्षा के विस्तार ने इस परिवर्तन को और गति दी। अमित शाह के अनुसार, सीपीआई (माओवादी) के शीर्ष नेतृत्व को लगभग पूरी तरह निष्क्रिय कर दिया गया है। कई मारे गए, कुछ गिरफ्तार हुए और कइयों ने आत्मसमर्पण किया। यह केवल संख्यात्मक उपलब्धि नहीं, बल्कि उस वैचारिक ढांचे के विघटन का संकेत है, जो वर्षों से हिंसा को वैध ठहराता आया था। विशेष रूप से 2024 में अबूझमाड़ और करेंगुट्टा जैसे क्षेत्रों में हुई निर्णायक कार्रवाइयों ने नक्सलवाद की रीढ़ तोड़ दी। इन अभियानों ने यह स्पष्ट कर दिया कि राज्य की शक्ति और रणनीति अब पहले से कहीं अधिक सशक्त और संगठित है।

दरअसल, इस सफलता के पीछे केवल सैन्य बल नहीं, विकास और विश्वास की नीति भी समान रूप से जिम्मेदार रही। प्रभावित क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने के प्रयासों ने नक्सलियों के जनाधार को कमजोर किया। जब लोगों को विकल्प मिला यानी हिंसा या विकास, तो उन्होंने विकास का रास्ता चुना। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि स्थायी शांति केवल हथियारों से नहीं, बल्कि अवसरों और न्याय से स्थापित होती है। फिर भी, यह मान लेना कि खतरा पूरी तरह समाप्त हो चुका है, जल्दबाजी होगी। ऐसी विचारधाराएं पूरी तरह समाप्त नहीं होतीं, अवसर मिलने पर फिर सिर उठा सकती हैं। इसलिए आवश्यक है कि सरकार सतर्कता बनाए रखे और उन क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्य जारी रखे, जहां कभी नक्सली प्रभाव रहा है। स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और युवाओं को सही दिशा देना, इस दिशा में निर्णायक होगा। कुल मिलाकर यह उस विश्वास की विजय है, जो लोकतंत्र अपने नागरिकों में जगाता है। यह उस भारत की कहानी है, जो चुनौतियों से जूझते हुए भी विकास और शांति के मार्ग पर आगे बढ़ना जानता है और हर संकट को अवसर में बदलने की क्षमता रखता है।

■ जसवंत सिंह राजपूत

जीवनशैली

सावधान...

सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकती है एआई की सलाह



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन स्वास्थ्य के मामले में इसकी सलाह घातक हो सकती है। हालिया अंतरराष्ट्रीय शोध ने चेतावनी दी है कि एआई चैटबॉट अक्सर बीमारी की गंभीरता को समझने में चूक कर देते हैं, जिससे इलाज में देरी जानलेवा साबित हो सकती है। तकनीक की दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई को इस सदी की सबसे बड़ी तकनीकि क्रांति माना जा रहा है। शिक्षा से लेकर दफ्तर के कामकाज तक, एआई ने हमारी राहें आसान की हैं। लेकिन क्या आप अपनी सेहत से जुड़ा फैसला एक एआई के भरोसे छोड़ सकते हैं? 'एनल्स ऑफ इंटरनल मेडिसिन' में प्रकाशित एक ताजा अंतरराष्ट्रीय शोध ने इस पर खतरे की घंटी बजा दी है।

जरा सी चूक और जान का जोखिम

शोधकर्ताओं ने दुनिया के चार लोकप्रिय एआई चैटबॉट्स का परीक्षण 32 वास्तविक मेडिकल स्थितियों में किया। नतीजों ने विशेषज्ञों को हैरत में डाल दिया। पता चला कि 100 में से 88 मामलों में एआई ने या तो गलत जानकारी दी या मरीज को भ्रमित किया। सबसे डरावनी बात यह रही कि लगभग 35 प्रतिशत मामलों में एआई यह पहचानने में पूरी तरह फेल रहा कि मरीज को तुरंत अस्पताल जाने की जरूरत है या नहीं। कल्पना कीजिए, अगर किसी व्यक्ति को दिल का दौरा (हार्ट अटैक) या मस्तिष्काघात (ब्रेनस्ट्रोक) के लक्षण हों और एआई उसे घर पर आराम करने या घरेलू नुस्खे अपनाने की सलाह दे दे, तो परिणाम क्या होंगे? शोध के मुताबिक, एआई अक्सर गंभीर लक्षणों को मामूली समझकर नजरअंदाज कर देता है, जिससे कीमती समय (गोल्डन) बर्बाद हो जाता है।

विश्वसनीय नहीं है डिजिटल डॉक्टर

यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल्स बर्मिंघम के विशेषज्ञों का कहना है कि एआई मॉडल मानवीय संवेदना और स्थिति की गंभीरता को समझने में संघर्ष करते हैं। एक ही बीमारी के लक्षणों पर एआई अलग-अलग समय पर अलग-अलग जवाब देता है, जो इसकी अनिश्चितता को बताता है। खासकर उन दूरस्त क्षेत्रों में जहां डॉक्टरों की कमी है, लोग अक्सर मुफ्त ऑनलाइन टूल का सहारा लेते हैं। ऐसे में गलत जानकारी खतरनाक है।

डॉक्टर का विकल्प नहीं एआई

इस शोध का मतलब यह नहीं कि यह तकनीक पूरी तरह बेकार है। विशेषज्ञ मानते हैं कि एआई चिकित्सा साहित्य का सार तैयार करने या मरीजों के लिए शैक्षिक सामग्री बनाने में मददगार हो सकता है। लेकिन जब बात बीमारी की पहचान और आपातकालीन निर्णय की हो, तो यह डॉक्टर का विकल्प कभी नहीं हो सकता। शोधकार्ताओं की स्पष्ट सलाह है कि जब तक इन चैटबॉट्स के लिए कड़े नियम और सुरक्षा मानक तय नहीं हो जाते, तब तक इन्हें चिकित्सकीय परामर्श का जरिया न बनाएं।

तकनीक नहीं, विवेक जरूरी

एआई एक बेहतर उपकरण है, लेकिन स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मामले में यह अभी विश्वसनीय नहीं है। जब तक मजबूत निगरानी तंत्र और सुरक्षा विकसित नहीं होते, तब तक इसे केवल एक सहायक के रूप में इस्तेमाल करना ठीक है। लेकिन सही इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक ही सबसे भरोसेमंद विकल्प हैं।



खुशियों का करें आदान-प्रदान तो संतुष्टि होगी हासिल



खुशी दो तरह की होती है। पहली हड़पना या लेना। बच्चा जब छोटा होता है तो वह चीजों को लेने का आनंद लेता है। यह एक शिशु की खुशी है पाने की इच्छा। देने का आनंद पाने के आनंद से कहीं ज्यादा संतुष्टिदायक होता है। हमें स्कूल या घरों में नकारात्मक भावनाओं को संभालने का तरीका नहीं सिखाया जाता।

आज मानसिक स्वास्थ्य दुनिया की सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। पिछली पीढ़ियों में युवाओं के पास आगे बढ़ने के लिए कुछ था। वे दुनिया की खोज करते थे और धीरे-धीरे नई चीजें खोजते थे। लेकिन आज इंटरनेट के कारण वे अनुभव कम प्रयास में ही उपलब्ध हैं। आज खुशी की तलाश बहुत कम उम्र में ही शुरू हो जाती है। हालांकि सही मार्गदर्शन नहीं मिले तो उनमें आक्राकमता और अवसाद शुरू हो सकता है। हमारे अंदर की उत्तेजनाएं इतनी जल्दी पनप जाती हैं कि वे एक अनिश्चितता की दिशा में चले जाते हैं। इसलिए जीवन में खुशी की तलाश करना स्वाभाविक है।

बांटने में होती है प्रसन्नता : अधिकांश देखने में आता है कि जब हम बांटते हैं तो हमें कितनी खुशी होती है। जैसे जब हम कोई अच्छी फिल्म देखते हैं तो हमारा मन हर किसी को इसके बारे में बताने का करता है। इसके लिए फिल्म निर्माता आपको कमीशन नहीं दे रहा है आपको बस यह लगता है कि आपके प्रियजनों को भी ऐसा ही अनुभव होना चाहिए। यह एकपरिपक्व आनंद है जो देने से ही आता है। इसी तरह लेने की मानसिकता से देने से मन शुद्ध होता है और इससे हमें अपार खुशी मिलती है।

निराशा से बनाएं दूरी: जिस दिन हम निराश और उदास महसूस करते हैं, ऐसे समय में घर से बाहर निकलें और लोगों से पूछें कि मैं आपके लिए क्या कर सकता हूं? आप जो सेवा प्रदान करेंगे वह आपके भीतर एक क्रांति लाएगी।जब हम दूसरों के बारे में मदद की सोचते हैं तो हमारे अंदर एक अलग भाव पैदा होता है और एक खुशी की अनुभूति होती है कि ईश्वर आपकी बहुत अच्छी तरह से देखभाल कर रहे हैं और जीवन प्रेम और कृतज्ञता से भर जाता है।

गार्डनिंग...दिल को मिले सुकून, सेहत भी रहे दुरुस्त

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में मानसिक तनाव और शारीरिक थकान आम समस्या बन चुकी है। ऐसे में गार्डनिंग एक ऐसा सरल और सुलभ उपाय है, जो हमें प्रकृति के करीब लाकर सुकून का अनुभव कराता है। मिट्टी में हाथ डालकर पौधे लगाना, उन्हें बढ़ते देखना और उनकी देखभाल करना मन को एक अनोखी शांति देता है। यह गतिविधि न केवल हमारे वातावरण को हरा-भरा बनाती है, बल्कि हमें प्राकृतिक ऊर्जा से भी जोड़ती है।

मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

गार्डनिंग को एक प्रकार की थेरेपी भी माना जाता है। जब हम पौधों के बीच समय बिताते हैं, तो हमारा मन शांत होता है और चिंता, अवसाद जैसी समस्याएं धीरे-धीरे कम होने लगती हैं। हरियाली देखने से आंखों को आराम मिलता है और दिमाग में सकारात्मक विचारों का संचार होता है। पौधों की वृद्धि को देखना हमें धैर्य और संतोष का भाव भी सिखाता है।



शारीरिक सेहत में सुधार

गार्डनिंग केवल मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है। इसमें खुदाई करना, पानी देना, पौधों को संभालना जैसे कार्य हल्के व्यायाम के समान होते हैं। इससे शरीर सक्रिय रहता है और कैलोरी भी बर्न होती है। नियमित गार्डनिंग से हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

पर्यावरण संरक्षण में योगदान

गार्डनिंग के माध्यम से हम पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अधिक से अधिक पौधे लगाने से वायु प्रदूषण कम होता है और वातावरण शुद्ध बनता है। घर के आसपास हरियाली बढ़ने से तापमान नियंत्रित रहता है और जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलता है। यह एक छोटा-सा कदम है, लेकिन इसका प्रभाव व्यापक होता है।



आत्मनिर्भरता और संतुष्टि का अनुभव

जब हम अपने हाथों से उगाए हुए फल, सब्जियां या फूल देखते हैं, तो एक अलग ही खुशी का अनुभव होता है। यह हमें आत्मनिर्भर बनाता है और मेहनत का फल मिलने का एहसास कराता है। साथ ही, यह हमारे जीवन में सकारात्मकता और संतुलन लाने में मदद करता है। वास्तव में गार्डनिंग केवल एक शौक नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो हमें सुकून, स्वास्थ्य और संतुलन प्रदान करती है। यदि हम अपने दैनिक जीवन में थोड़ा-सा समय गार्डनिंग को दें, तो यह हमारे जीवन को अधिक खुशहाल और स्वस्थ बना सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक ''**गिलेडविन मसीह**'' के लिए ''**बुलंद मंज़िल**'' हिन्दी दैनिक ए.एच. प्रिन्टर्स, सीधी सराय, असालतपुरा मुरादाबाद मे मुद्रित कराकर कार्यालय बुलंद मंज़िल शंकर कॉलेज चौराहा, राजा मार्केट, प्रथम तल, जनपद संभल से वितरित किया गया। इस अंक में प्रकाशित समाचारों में खबरों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०वी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद सम्भल न्यायालय के अधीन होंगे।
PRGI NO. - UPBIL/25/A4797- Contect No.- 8630704122

पेड़ पर लटका मिला 17 वर्षीय किशोर का शव, आत्महत्या के लिए उकसाने में दो नामजद : गांव में गुस्सा बरकरार



मृतक चमन का फाइल फोटो



गुरुवार की रात थाने गेट पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विरोध प्रदर्शन करते हैं परिजन



रोते बिलखते परिजन

दैनिक बुलंद मंज़िल

आदमपुर। रहरा थाना क्षेत्र के गांव रेहरई निवासी 17 वर्षीय किशोर चमन की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। पेड़ पर लटका मिला शव, उससे पहले मिली कथित धमकियां और अब परिजनों के आरोप–इस पूरे घटनाक्रम ने मामले को बेहद गंभीर और संवेदनशील बना दिया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर दो युवकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन गांव में गुस्सा अब भी थमने का नाम नहीं ले रहा। चमन, जो कि शीशपाल का पुत्र था, पिछले करीब दो महीनों से आदमपुर स्थित एक मोटर एजेंसी पर बाइक ठीक करने का कार्य सीख रहा था। मेहनती और शांत स्वभाव का बताया जा रहा यह किशोर आदमपुर अपनी बुआ रामवती के घर रहकर काम सीख रहा था। परिजनों के अनुसार, वह अपने भविष्य को लेकर गंभीर था और जल्द ही परिवार की जिम्मेदारी संभालने की सोच रहा था। लेकिन 2 अप्रैल का दिन उसकी जिंदगी का आखिरी दिन साबित हुआ। धमकी से शुरू हुआ विवाद परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक, 2 अप्रैल की सुबह गांव के ही आकाश और अमन ह्य मोटरसाइकिल एजेंसी पर पहुंचे। उन्होंने चमन पर अपनी बहन से बातचीत करने का आरोप लगाया। जब चमन ने इस आरोप से साफ इनकार किया, तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि आकाश ने चमन को एक कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग का हवाला देते हुए गांव में बदनाम करने की धमकी दी। इतना ही नहीं, उसे दो दिन के भीतर जान से मारने की बात भी कही गई। बताया जा रहा है कि यह पूरा घटनाक्रम गैराज में मौजूद अन्य कर्मचारियों के सामने हुआ, जिससे चमन बुरी तरह घबरा गया। घटना के तुरंत बाद उसने अपने परिजनों को फोन कर पूरी बात बताई। परिवार ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन धमकी का असर उसके मन पर गहराई से बैठ चुका था। शाम को लापता, रात में मिला शव तहरीर के अनुसार, उसी दिन शाम को काम खत्म होने के बाद चमन घर नहीं लौटा। जब काफी देर तक उसका कोई पता नहीं चला, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। मोबाइल फोन भी बंद जा रहा था, जिससे चिंता और बढ़ गई। काफी खोजबीन के बाद देर शाम आदमपुर के रावण दहन स्थल के पास एक खाली प्लॉट में खड़े पेड़ पर उसका शव फांसी के फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जो इस मामले की दिशा तय कर सकती है। आत्महत्या या साजिश? परिजनों का साफ कहना है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश है। उनका आरोप है कि लगातार मिल रही धमकियों और मानसिक दबाव ने चमन को यह कदम उठाने पर मजबूर किया। परिवार का यह भी कहना है कि अगर समय रहते आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होती, तो शायद चमन की जान बच सकती थी। दूसरी ओर, पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही है। थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर आकाश और अमन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है। गांव में उबाल, कार्रवाई की मांग घटना के बाद से ही गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पहले दिन ही परिजनों और ग्रामीणों ने थाने पर जमकर हंगामा किया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। लोगों का कहना है कि जब तक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका गुस्सा शांत नहीं होगा। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि इस तरह की घटनाएं समाज में बढ़ते दबाव और आपसी विवादों की खतरनाक प्रवृत्ति को उजागर करती हैं। छोटी-छोटी बातों पर धमकी और बदनामी का डर अब युवाओं की मानसिक स्थिति पर गंभीर असर डाल रहा है। एक बड़ा सवाल चमन की मौत ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या समाज में बढ़ता दबाव और सामाजिक बदनामी का भय युवाओं के लिए जानलेवा बनता जा रहा है? क्या समय रहते ऐसे मामलों में हस्तक्षेप कर जिंदगियां बचाई जा सकती हैं? फिलहाल, पूरे मामले की सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगी। लेकिन एक बात साफ है–चमन की मौत ने न सिर्फ एक परिवार को तोड़ा है, बल्कि पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। अब सबकी नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है, जो यह तय करेगी कि इस मामले में न्याय कितनी जल्दी और कितनी सख्ती से मिलता है।

अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज

दैनिक बुलंद मंज़िल

हसनपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हसनपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में चल रही कार्रवाई के क्रम में शुक्रवार को एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हसनपुर राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव मुबारकपुर कलां में एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ मौजूद है। सूचना के आधार पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ग्राम मुबारकपुर कला निवासी संजू पुत्र नवल किशोर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अदद तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया।



पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना हसनपुर में मु0अ0सं0 163/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

श्रद्धा और गमगीन माहौल में मनाया गया गुड फ्राइडे, यीशु मसीह के बलिदान को किया याद

दैनिक बुलंद मंज़िल

हसनपुर। नगर स्थित सेंट जॉन्स चर्च में शुक्रवार को गुड फ्राइडे का पर्व श्रद्धा, भक्ति और गमगीन वातावरण के बीच मनाया गया। इस अवसर पर ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद करते हुए उनके बताए प्रेम, त्याग और क्षमा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। चर्च में दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जो प्रभु यीशु को सलीब पर चढ़ाए जाने के समय का प्रतीक माना जाता है। प्रार्थना सभा का संचालन चर्च के पादरी सुशील मसीह ने किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर ईसा मसीह के कष्टों को स्मरण किया और उनकी शिक्षाओं को आत्मसात



करने का संकल्प लिया। प्रार्थना सभा के दौरान पादरी ने सलीब पर रहते हुए यीशु मसीह द्वारा कही गई सात वाणियों की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने बताया कि यीशु की प्रत्येक वाणी मानवता, प्रेम और क्षमा का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि संसार में बढ़ते पापों को समाप्त करने के लिए ईश्वर ने मानव रूप में अवतार लिया और प्रभु यीशु ने अपने बलिदान के माध्यम से समस्त मानव जाति के पापों का प्रायश्चित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग चर्च में एकत्र हुए। कार्यक्रम में शैन मसीह, डेबरा मसीह, राखी मसीह, शैनन मसीह, ओलिवर मसीह, ऐन्जल, श्वेता अल्बर्ट, आंचल अल्बर्ट और अनुज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने मसीह गीतों के माध्यम से प्रभु को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

महिला सुरक्षा को लेकर सख्त हुए एसपी, मिशन शक्ति टीम संग की समीक्षा बैठक

दैनिक बुलंद मंज़िल/ असलम सैफी जिला प्रभारी

अमरोहा। जनपद में महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में मिशन शक्ति टीम के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की। बैठक के दौरान एसपी ने मिशन शक्ति अभियान की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा करते हुए महिला अपराधों से जुड़े प्रचलित मामलों का विस्तार से विश्लेषण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और अपराधों की रोकथाम के लिए सभी अधिकारी पूरी गंभीरता और





सक्रियता के साथ कार्य करें। एसपी ने कहा कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित महिलाओं के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाया जाए तथा उन्हें समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। इसके साथ ही मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं में सुरक्षा का भाव मजबूत हो सके।

गाली-गलौज से शुरू हुआ झगड़ा, मारपीट तक पहुंचा मामला, रिपोर्ट दर्ज

दैनिक बुलंद मंज़िल

नौगांवा सादात ब्यूरो। थाना क्षेत्र के गांव मुकारी में पैसों के लेन-देन का विवाद उस समय हिंसक झड़प में बदल गया, जब कुछ लोगों ने एक परिवार के घर के बाहर पहुंचकर गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मुकेश पुत्र स्वर्गीय महेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 मार्च 2026 की शाम करीब 4 बजे गांव के ही कुछ लोग–दीपशिखा, अंश, चरनपाल, राहुल और



गुडिया–उसके घर के बाहर आकर पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि सभी ने मिलकर दरवाजे पर खड़े होकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। मुकेश के अनुसार, जब उसकी पत्नी नीतू चौधरी ने गाली देने का विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उनका पुत्र वंश मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने लगा, लेकिन आरोप है कि उसे भी पीट दिया गया। घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग, जिनमें डॉक्टर शहजाद भी शामिल थे, मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों को बचाया। पीड़ित का कहना है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित मुकेश ने थाना नौगांवा सादात पहुंचकर लिखित शिकायत दी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय स्तर पर इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश और चिंता का माहौल देखा जा रहा है।

नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

दैनिक बुलंद मंज़िल

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री, जिसकी उम्र करीब 17 वर्ष 3 माह है, दिनांक 31 मार्च को शाम लगभग 5 बजे अचानक घर से गायब हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन



उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्हें जानकारी मिली कि गांव सुल्तानपुर बछरायूं निवासी रोहताश पुत्र नन्हा उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि इस घटना में रोहताश का भाई भरत पुत्र नन्हा तथा उसका मामा राजपाल निवासी ग्राम झुरेरी थाना हसनपुर भी शामिल हैं। पीड़िता की मां का कहना है कि उनकी पुत्री आरोपियों के बहकावे में आकर घर में रखे करीब 50 हजार रुपये नकद और तीन सोने के आभूषण भी अपने साथ ले गई है। पीड़िता के परिजनों ने जब आरोपी रोहताश से फोन पर संपर्क कर लड़की को वापस भेजने के लिए कहा, तो आरोप है कि उसने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गालियां दीं और धमकी दी कि यदि उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई की गई तो वह मां-बेटी को जान से मार देगा। इस धमकी के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़िता की मां ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उनकी नाबालिग पुत्री को सकुशल बरामद कर घर वापस लाने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना से उनके परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है और उन्हें बदनामी का सामना करना पड़ रहा है। थाना हसनपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है और किशोरी की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

हसनपुर में भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्षों का हुआ भव्य स्वागत

दैनिक बुलंद मंज़िल

हसनपुर। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों के सम्मान में शुक्रवार को एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी द्वारा उनके कैंप कार्यालय एवं आवास पर किया गया, जहां कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर भाजपा जिला अमरोहा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल और हिमांशु त्यागी का विधायक द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दोनों पदाधिकारियों का मुंह मीठा कराकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। विधायक खड़गवंशी ने उन्हें उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पार्टी संगठन ने निष्ठावान और समर्पित कार्यकताओं पर विश्वास जताया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मयंक अग्रवाल और हिमांशु त्यागी के अनुभव, ऊर्जा और सक्रियता से अमरोहा जनपद में भाजपा संगठन और अधिक सशक्त होगा। विधायक ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपील की कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। सम्मान प्राप्त करने के बाद दोनों पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की नीतियों और सिद्धांतों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और उत्सव का माहौल देखने को मिला।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल
अमरोहा
संभल
शनिवार, 04 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

दहेज की मांग, मारपीट और तीन तलाक का आरोप, पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

दैनिक बुलंद मंज़िल

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और तीन तलाक देकर घर से निकालने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगमा पुत्री दिलशाद अहमद निवासी ग्राम रायपुर खुर्द की शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व शाकिर पुत्र शौकीन अली निवासी ग्राम सिरसा गुर्जर, थाना व तहसील हसनपुर के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के बाद दंपति के यहां एक पुत्र आहिल (लगभग 8 वर्ष) का जन्म हुआ। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही उसका पति उसे आए दिन परेशान करने लगा और मारपीट करता था।



नगमा का कहना है कि उसने अपने बच्चे और परिवार की खातिर लंबे समय तक ससुराल पक्ष के अत्याचार सहन किए, लेकिन हालात लगातार बिगड़ते गए। आरोप है कि उसके जेठ सरताज, जेठानी समीना, नन्द आशा और नन्दोई अशरफ भी दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। सभी लोग मिलकर उससे 2 लाख रुपये की मांग करते थे और मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जाता था। पीड़िता के अनुसार 10 फरवरी 2026 को वह अपने घर पर मौजूद थी, तभी पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसे गालियां दी गईं और विरोध करने पर उसकी जमकर पिटाई की गई। किसी तरह उसने अपनी जान बचाई। नगमा ने आरोप लगाया कि इसी दौरान उसके पति शाकिर ने उसे धमकाते हुए तीन बार ह्रतलाकह्व बोलकर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, उसने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति ने किसी अन्य महिला से शादी कर ली है और उसे न तो पत्नी का अधिकार दिया जा रहा है और न ही संपत्ति में हिस्सा। पीड़िता अपने छोटे बेटे के साथ मायके में रह रही है और न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। उसने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना हसनपुर पुलिस का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बारात में घुसे दबंग, दूल्हे के चाचा समेत कई लोगों को पीटा, मासूम भी घायल, मुकदमा दर्ज

दैनिक बुलंद मंज़िल

अमरोहा ब्यूरो। नगर कोतवाली क्षेत्र में एक शादी समारोह उस समय अफरा-तफरी में बदल गया, जब बारात के दौरान कुछ दबंगों ने मारपीट कर दी। घटना 24 मार्च की रात करीब 10 बजे की है, जब मोहल्ला इस्लाम नगर निवासी युसुफ अपने भतीजे शाहनवाज की बारात लेकर मोहल्ला नल स्थित जाफरी होटल पहुंचे थे। तहरीर के अनुसार, जैसे ही बारात होटल परिसर में प्रवेश कर रही थी, पहले से खड़े कुछ युवक–अनस पुत्र नजाकत, इमरान, फैजान पुत्र मुश्ताक, रिफाकत पुत्र नजाकत समेत अन्य 10-15 अज्ञात लोग–बारातियों पर फब्तियां कसने लगे। इस पर युसुफ ने विरोध किया तो आरोपियों ने एकजुट



होकर गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। आरोप है कि हमलावर लाठी-डंडों से लैस थे और उन्होंने युसुफ के साथ बेरहमी से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए शाहरुख पुत्र नन्ने और तारिख पुत्र इमामुद्दीन को भी नहीं बख्शा गया और उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया गया। इस दौरान हमलावरों ने एक साल के मासूम अरहम को भी नहीं छोड़ा और उसकी कमर व गर्दन पर डंडा मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बारात में शामिल लोगों ने किसी तरह घायलों को बचाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। पुलिस ने युसुफ और शाहरुख का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित युसुफ की तहरीर के आधार पर कोतवाली अमरोहा नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ

मजलिस के बाद मारपीट, अधिवक्ता ने दी तहरीर : पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

दैनिक बुलंद मंज़िल

अमरोहा। नगर क्षेत्र में मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला दरबारे कलां निवासी अधिवक्ता नजर अब्बास ने थाना अमरोहा नगर में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गत शुक्रवार दिनांक 27 मार्च को एक मजलिस के बाद नाजिम हुसैन उर्फ आरिफ पुत्र हामिद हुसैन ने उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने गंदी-गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित अधिवक्ता का कहना है कि आरोपी पिछले करीब तीन माह से लगातार उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणियां कर रहा है और रंजिश रखता है। उन्होंने आशंका जताई कि भविष्य में आरोपी उनके साथ फिर से मारपीट जैसी घटना



को अंजाम दे सकता है और वर्तमान में उन पर अनावश्यक दबाव भी बना रहा है। नजर अब्बास ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। उन्होंने अपनी तहरीर में सुरक्षा की भी गुहार लगाई है। वहीं, थाना अमरोहा नगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

फर्जी दस्तावेज बनाकर कानून से बचने की कोशिश नाकाम, दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक बुलंद मंज़िल

डिडौली ब्यूरो। थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया व क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक कुमार के पर्यवेक्षण में की गई। थाना डिडौली में तैनात उपनिरीक्षक जसवीर सिंह द्वारा दर्ज मुकदमा संख्या 0126/2026 के तहत वसीम और शमूम उर्फ घोड़ा पुत्रगण अकबर अली उर्फ लल्ला निवासी ग्राम मूढाइम्मा को नामजद किया गया है। दोनों आरोपियों पर



भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों के खिलाफ पहले से ही वर्ष 2017 में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। उसी मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने वर्ष 2021 में अपने आधिकारिक दस्तावेजों, जैसे आधार कार्ड आदि में अपने पिता का नाम बदलकर अकबर अली उर्फ लल्ला की जगह नवाबजान दर्ज करा दिया। इस तरह उन्होंने सरकारी अभिलेखों में कूटरचित व फर्जी प्रविष्टियां कराईं। थाना डिडौली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि शमूम उर्फ घोड़ा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत भी मामला दर्ज है, जबकि दोनों का आपराधिक इतिहास पहले से रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर अभिनव कौशिक का भव्य स्वागत

दैनिक बुलंद मंज़िल

सैद नगली। भाजपा जिला अमरोहा की जिला कार्यकारिणी में अभिनव कौशिक को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सैदनगली में जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा कैम्प कार्यालय पर वैश्य महासभा, सैनी महासभा और भाजपा कार्यकताओं ने पटका पहनाकर अभिनंदन किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अभिनव कौशिक ने कहा कि उन्हें लगातार चौथी बार जिला कार्यकारिणी में स्थान मिला है। इससे पहले वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में विभिन्न पदों पर तथा भाजपा युवा मोर्चा में जिला मंत्री और





तीन बार जिला कमेटी में जिला महामंत्री की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरते हुए संगठन को मजबूत करेंगे और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने भाजपा शीर्ष नेतृत्व और जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वैश्य समाज के अध्यक्ष उमाशंकर गर्ग, डॉ. पुनीत गुप्ता, अनुराग गर्ग, राकेश सैनी, जगसरन सैनी, विनीत सैनी, विक्रम सैनी, नामित सभासद शेखर गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष शेरपाल गुर्जर, नीटू भाटी, सभासद भगवत खड़गवंशी, धारा सिंह, सूखा खड़गवंशी, नवनीत अग्रवाल, निशित गुप्ता, सचिन गुप्ता, सत्यम गुप्ता, अमित भाटी, सभासद अमित गुर्जर, राकेश गुप्ता, स्कंद गुप्ता, अनुज अग्रवाल, दिनेश टांक, विनीत अग्रवाल और सौरभ अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

छात्रावास से लापता हुई कक्षा 10 की छात्रा, अपहरण की आशंका में मुकदमा दर्ज

दैनिक बुलंद मंज़िल

अमरोहा। कोतवाली नगर क्षेत्र से एक कक्षा 10 की छात्रा के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरादाबाद निवासी एक महिला ने कोतवाली नगर अमरोहा में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी भांजी ,एक राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमरोहा में कक्षा 10 की छात्रा है और विद्यालय के छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही थी। वह 30 मार्च को छात्रावास में ही



छोड़ी गई थी। तहरीर के मुताबिक 1 अप्रैल को छात्रावास की वार्डन का फोन आया, जिसमें बताया गया कि भांजी सुबह छात्रावास से स्कूल गई थी, लेकिन छुट्टी के बाद वापस छात्रावास नहीं लौटी। सूचना मिलने पर तत्काल अमरोहा पहुंचीं और विद्यालय व आसपास के क्षेत्रों में छात्रा की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों को आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उन्होंने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई कर छात्रा को बरामद करने की मांग की है। छात्रा की जन्मतिथि 10 अप्रैल 2011 बताई गई है, जिससे उसकी उम्र करीब 15 वर्ष है। कोतवाली नगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और छात्रा की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही छात्रा को सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

मुझाखुर्द में विकास कार्य के नाम पर खेल, शिकायत

ग्रामीणों ने बीडीओ को पत्र देकर की कार्रवाई की मांग

पूरनपुर। ग्राम पंचायत मुझाखुर्द में हो रहे विकास कार्य में गोलमाल और दबंगई से कार्य कराने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने शिकायत की। बीडीओ को पत्र देकर जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप है कि दबंगई के दिखाकर खेतों में जबरन खड़ंजा और नाली निर्माण कराया गया। निर्माण कार्य में मानक की धज्जियां उड़ाई गईं। नाली व खड़ंजा निर्माण में रोड़ा डाले बिना और वेट बिछाए बिना पुरानी ईट से कार्य कराया गया। आरोप है कि मास्टर रोल तैयार किए बिना ही कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि विकास कार्य के नाम पर ग्राम निधि से लाखों रुपये की धनराशि प्रधान और सचिव ने अपने चहेतों के खातों में डालकर बंदरबांट कर ली। कुछ दिन पहले प्रभारी खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की। इसके बाद 28 मार्च को फिर शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इससे नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार एक बार फिर शिकायत कर जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की। शिकायती पत्र देने वालों में हसनैन खां, फिरोज खां, तफसीर खां, इसार बली आदि शामिल रहे।

सैदनंगली में महिला से छेड़छाड़, विरोध पर मारपीट और धमकी, रिपोर्ट दर्ज

दैनिक बुलंद मंज़िल

सैद नगली। थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सैदनंगली अंबेडकर मोहल्ला निवासी एक महिला ने थाना सैद नंगली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे वह अपने घर के घेर में उपले पाथ रही थीं। उसी दौरान गांव का ही निवासी हरिओम पुष्कर पुत्र भान पीछे से आ गया और बुरी नीयत से उनका हाथ पकड़ लिया। पीड़िता का आरोप है कि जब उन्होंने शोर मचाया तो आरोपी ने उन्हें गंदी-गंदी गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट



कर दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी और कार्रवाई की मांग की। थाना सैदनंगली पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैंक्वेट हॉल की पार्किंग से ई-रिक्शा चोरी, रिपोर्ट दर्ज

दैनिक बुलंद मंज़िल

नौगांवा सादात ब्यूरो। थाना क्षेत्र में एक ई-रिक्शा चोरी होने का मामला सामने आया है। मोहल्ला गुला तालाब निवासी असगर पुत्र रमजानी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 29 मार्च 2026 की रात करीब 8:15 बजे वह अपनी ई-रिक्शा से सवारियां लेकर विनायक बैंक्वेट हॉल पहुंचा था। सवारियों को उतारने के बाद उसने अपनी ई-रिक्शा बैंक्वेट हॉल की पार्किंग में खड़ी कर दी और स्वयं खाना खाने अंदर चला गया। प्रार्थी के अनुसार जब वह कुछ देर बाद वापस लौटा तो उसकी ई-रिक्शा पार्किंग से गायब थी। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं लग



सका। असगर ने तहरीर में आशंका जताई है कि बैंक्वेट हॉल स्वामी की मिलीभगत से उसकी ई-रिक्शा चोरी कराई गई हो सकती है। घटना के बाद पीड़ित ने कई दिनों तक अपने स्तर से ई-रिक्शा की तलाश की, लेकिन सफलता न मिलने पर उसने थाना नौगावां सादात पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल
अमरोहा/बिजनौर
संभल
शनिवार, 04 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसपी





दैनिक बुलंद मंज़िल /असलम सैफी जिला प्रभारी

अमरोहा। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में आईजीआरएस व्यवस्था को लेकर जनपद के सभी थानों पर तैनात आईजीआरएस टीम के साथ महत्वपूर्ण गोष्ठी की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण को सुनिश्चित करना रहा। गोष्ठी के दौरान एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतों की जांच पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि आमजन को समय पर न्याय मिल सके। एसपी ने कहा कि आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतें शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल हैं, इसलिए इनका निस्तारण भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी जोर दिया कि निस्तारण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और निर्धारित समयसीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। गोष्ठी में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि वे शिकायतकर्ता से संवाद बनाए रखें और निस्तारण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएं। साथ ही, प्रत्येक प्रकरण में तथ्यों के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ नोडल अधिकारी सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। गोष्ठी के माध्यम से जनपद में शिकायत निस्तारण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

शांति भंग की आशंका में चार आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए



दैनिक बुलंद मंज़िल

हसनपुर ब्यूरो। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली हसनपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज त्यागी के पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हसनपुर राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संज्ञेय अपराध की परिकल्पना रखते हुए चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सोनू कुमार पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम रुखालू, नरेश पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम रुखालू, इकरार पुत्र अनवार निवासी कनेटा रोड हसनपुर तथा करीम पुत्र सलीम निवासी खंकरवाला कुआं हसनपुर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, ये सभी आरोपी शांति व्यवस्था भंग करने की स्थिति उत्पन्न कर सकते थे, जिसे देखते हुए तत्काल कार्रवाई की गई। चारों आरोपियों को अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर न्यायालय उपजिलाधिकारी हसनपुर के समक्ष पेश किया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आधार कार्ड में पिता का नाम बदलकर कोर्ट से बचने की साजिश, दो भाइयों पर मुकदमा दर्ज



दैनिक बुलंद मंज़िल

डिडौली ब्यूरो। थाना क्षेत्र में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें दो सगे भाइयों द्वारा न्यायालय में चल रहे मुकदमे से बचने के लिए अपने आधार कार्ड में पिता का नाम बदलने का आरोप लगा है। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार को थाना डिडौली में तैनात उपनिरीक्षक द्वारा न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अमरोहा द्वारा पूर्व में जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में अभियुक्त वसीम पुत्र अकबर अली उर्फ लल्ला निवासी ग्राम मूढ़ाइम्मा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त वसीम ने अपने पिता का नाम ह्नवाब जानह्न बताया। जब उसका आधार कार्ड नंबर चेक किया गया, तो पाया गया कि उसने दिनांक 08 मई 2021 को अपने आधार कार्ड में संशोधन कराकर पिता का नाम ह्नअकबर अलीह्न के स्थान पर ह्नवाब जानह्न दर्ज करा लिया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि थाना डिडौली में पूर्व से दर्ज मुकदमा संख्या 183/17 धारा 7 सीएलए एक्ट, 353/332 भादवि व 3/5अ/8 सीएस एक्ट में अभियुक्त वसीम तथा उसके भाई शमूम उर्फ घोड़ा के पिता का नाम ह्नअकबर उर्फ लल्लाह्न दर्ज है। इतना ही नहीं, उक्त मुकदमे के आरोप पत्र में भी दोनों भाइयों के पिता का नाम ह्नअकबर उर्फ लल्लाह्न ही अंकित है, जबकि उनकी माता का नाम नईमा पत्नी लल्ला दर्ज है। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि वसीम के भाई शमूम उर्फ घोड़ा ने भी अपने आधार कार्ड में इसी प्रकार संशोधन कराकर पिता का नाम ह्नवाब जानह्न कर लिया है। पुलिस के अनुसार, दोनों भाइयों ने न्यायालय में चल रहे अभियोग से बचने और पुलिस व प्रशासन को गुमराह करने के उद्देश्य से जानबूझकर यह फजीर्वाड़ा किया है। इतना ही नहीं, आरोप है कि दोनों भाई परिवर्तित पिता के नाम वाले आधार कार्ड का उपयोग अन्य स्थानों पर भी कर रहे थे और इससे लाभ उठा रहे थे। इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना डिडौली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अपराध की साजिश रच रहे तीन आरोपी गिरफ्तार, एसडीएम कोर्ट भेजे गए



दैनिक बुलंद मंज़िल

रहरा ब्यूरो। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रहरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। वहीं क्षेत्राधिकारी हसनपुर सर्किल पंकज कुमार त्यागी एवं प्रभारी निरीक्षक थाना रहरा अखिलेश कुमार प्रधान के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय रही। शुक्रवार को थाना रहरा पुलिस द्वारा संज्ञेय अपराध की योजना बना रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजीव पुत्र गंगासरन , मुकेश पुत्र रामौतार तथा धीरज पुत्र रौताश शामिल हैं। तीनों आरोपी ग्राम चीला, थाना रहरा, जनपद अमरोहा के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, अभियुक्तगण किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, जिसे समय रहते विफल कर दिया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद तीनों अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए एसडीएम कोर्ट हसनपुर, जनपद अमरोहा के समक्ष पेश किया गया, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

फरारी खत्म : दहेज उत्पीड़न केस में महिला वारंटी गिरफ्तार



दैनिक बुलंद मंज़िल/ जितेंद्र यादव

अमरोहा। नगर थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में एक महिला वारंटी अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के पर्यवेक्षण में की गई। क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक यादव के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में टीम ने अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को थाना अमरोहा नगर क्षेत्र के मोहल्ला अफगानान से शबाना पुत्री मुमताज को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता के खिलाफ परि० सं०-875/ 20 में धारा 498 ए, 323, 504, 506 आईपीसी एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। वह काफी समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रही थी, जिसके चलते उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्ता को माननीय न्यायालय एफटीसी-2 अमरोहा में पेश कर दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून से बचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कानून से भागना पड़ा भारी, वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



दैनिक बुलंद मंज़िल

हसनपुर ब्यूरो। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हसनपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी के निकट पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक हसनपुर राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुशील पुत्र कुबरसैन निवासी ग्राम दयावली खालसा थाना हसनपुर, जनपद अमरोहा के रूप में हुई है। अभियुक्त के खिलाफ वाद संख्या 4369/09, अपराध संख्या 879/09 धारा 454, 380, 411 भादवि के तहत मामला दर्ज था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिली है तथा अपराधियों में पुलिस का भय बना हुआ है।

बीसलपुर में पुलिस मुठभेड़: शातिर गौकश वाजिद घायल अवस्था में गिरफ्तार, अवैध तमंचा व औजार बरामद

पीलीभीत। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बीसलपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार तड़के करीब 3:20 बजे गश्त के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक शातिर गौकश को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी बीसलपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम बिलसंडा चौराहे की ओर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया गया। बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी वाजिद (35) पुत्र नत्थू खां निवासी मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी, थाना बीसलपुर, के पैर में गोली लग गई।घायल बदमाश को भसूड़ा नहर के पास से गिरफ्तार कर तत्काल सीएचसी बीसलपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, एक अवैध 315 बोर तमंचा, कारतूस और गौकशी के उपकरण बरामद किए हैं। मौके से उसके साथी सगीर उर्फ गोविंदा और जावेद उर्फ लल्ला फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। उसने 22 मार्च को ग्राम चौसरा के पास और 24 मार्च को ग्राम सादिया लाडपुर के पास निराश्रित गोवंशीय पशुओं की हत्या कर उनका मांस बेचने की बात कबूल की है। इन मामलों में पहले से ही थाना बीसलपुर में मुकदमे दर्ज हैं।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर निराश्रित पशुओं को पकड़कर उनका वध करते थे और मांस बेचकर अवैध कमाई करते थे।

NH-734 पर भीषण सड़क हादसा : अनियंत्रित कार 20 फीट नीचे गिरी, सात लोग घायल



दैनिक बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान

बिजनौर/ अफजलगढ़। नेशनल हाईवे-734 पर सुबह करीब 5 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हरियाणा के रोहतक से उत्तराखंड के रामनगर जा रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब 20 फीट नीचे खेत में जा गिरी और पलट गई। बताया जा रहा है कि हादसा बनेली नदी पुल के पास स्थित एक तीखे मोड़ पर हुआ, जहां चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। हादसे में कार चालक हरियाणा के हिसार निवासी सोनू (32) समेत कुल सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य घायलों में नैनीताल निवासी खेमचंद, जगदीश, योगेश, दयाल, गिरधारी और आनंद शामिल हैं।घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद सभी घायलों को कार से बाहर निकाला गया। इसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया। चालक सोनू की हालत नाजुक होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर के जरिए दुर्घटनाग्रस्त कार को खेत से बाहर निकालकर चौकी पर खड़ा कराया गया। इस हादसे में जहां यात्रियों को गंभीर चोटें आईं, वहीं खेत मालिक मोहम्मद फारूक की खड़ी गेहूं की फसल भी बुरी तरह नष्ट हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मनवीर सिंह ने बताया कि फिलहाल इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय में पेश



दैनिक बुलंद मंज़िल

नौगांवा सादात ब्यूरो। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत नौगावां सादात पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नौगांवा सादात अवधभान भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण में कार्रवाई की गई। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना नौगांवा सादात पुलिस टीम ने वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्त गुड्डू पुत्र मुस्ताक कुरैशी निवासी ग्राम बीलनी को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा संख्या 1259/25, अपराध संख्या 97/18 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है, जो न्यायालय ए.सी.जे.एम. प्रथम अमरोहा में विचाराधीन है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त को दबोचते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे और वांछित व वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों के साथ क्राइम गोष्ठी





दैनिक बुलन्द मंज़िल

रामपुर। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक, सोमेंद्र मीना रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी आयोजित की गई।गोष्ठी के दौरान जनपद में अपराध नियंत्रण तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को निम्नलिखित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए–

1.लंबित विवेचनाओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ।

2.वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए ।

3.समस्त थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त की जाए तथा संवेदनशील स्थलों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखी जाए ।

4.आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जाए ।

5.समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन रात्रि गणना कर उपस्थित कर्मियों को अनुशासित रखते हुए किसी भी अनुचित गतिविधि में संलिप्त न रहने हेतु हिदायत दी जाए एवं यक्ष ऐप पर बीट सूचना अपडेट करने हेतु निर्देशित किया गया ।

6.इसके अतिरिक्त महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम एवं मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया । साथ ही जनपदीय पुलिस को सतत भ्रमणशील रहने एवं जनसंपर्क बढ़ाने हेतु भी निर्देशित किया गया ।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में स्पा सेंटरों पर चलाया गया सघन चेकिंग अभियान



दैनिक बुलन्द मंज़िल

रामपुर । शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में नगर मजिस्ट्रेट रामपुर, प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन, मिशन शक्ति टीम थाना सिविल लाइन, नगर पालिका परिषद, रामपुर एवं फायर सर्विस,रामपुर की संयुक्त टीम द्वारा जनपद रामपुर के थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत संचालित स्पा सेंटरों की सघन चेकिंग की गई।चेकिंग के दौरान संबंधित स्पा सेंटरों के अभिलेखों का निरीक्षण /परीक्षण किया गया, जिसमें अधिकांश स्पा सेंटरों पर नगर पालिका एवं फायर विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक अनुज्ञप्तियाँ उपलब्ध नहीं पाई गई। उक्त अनियमितताओं के दृष्टिगत नियमों का उल्लंघन करने वाले निम्न स्पा सेंटरों का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गयी।

विवरण स्पा सेंटर-

1 रोज थेरपी स्पा सेंटर, गन्ना सोसाइटी शौकत अली रोड रामपुर

2 गोल्ड क्लासिक स्पा एंड सालों स्पा सेंटर, आवास विकास रामपुर

3 गोल्डन हैंड स्पा सेंटर, फ्रेंड्स कॉलोनी रामपुर

4गोल्डन हैंड स्पा सेंटर द्वितीय, शौकत अली रोड रामपुर

5 मैंगो स्पा सेंटर, शौकत अली रोड रामपुर

6 प्रियंका लीफ स्पा पार्लर सेंटर, एलआईसी रोड रामपुर आदि स्थानों पर अभियान चलाया गया। बताया गया है कि रामपुर पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

रामपुर एस पी ने किया थाना शाहबाद का औचक निरीक्षण





दैनिक बुलन्द मंज़िल/ विनोद गुप्ता

रामपुर। जनपद रामपुर के नवनियुक्त बने एस पी सोमेंद्र मीना जी के द्वारा थाना शाहबाद का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में मौजूद सभी महत्वपूर्ण स्थानों और व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निम्न स्थानों का अवलोकन किया गया शस्त्रागार (शस्त्रो की सफाई, रखरखाव और रजिस्टर), थाना कार्यालय, अभिलेखो का रखरखाब एवं उनमें अंकित की जाने वाली प्रवष्टियो, मालखाना, हवालात, भोजनालय, बैरक, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र, सीसीटीएनएस सिस्टम की कार्यप्रणाली आदि का निरीक्षण एवं साफ सफाई का जायजा लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । जिस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर , हेड मोरिर दिलशाद हुसैन आदि पुलिस स्टाफ मौजूद रहे। जिस दौरान एस पी रामपुर ने थाने शाहबाद की कुछ अच्छे कार्य की प्रशंसा भी की।

गांव के रास्ते पर दौड़ रहे अवैध डंपर ग्रामीणों ने विरोध किया





दैनिक बुलन्द मंज़िल

पटवाई। क्षेत्र में शनिवार को नरखेड़ा के ग्रामीणों ने रेत से भरे खाली भरे ओवरलोड डंपरों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया । ग्रामीणों का कहना है उनके गांव कि छोटी रोड़े जिसपर अवैध खनन के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि रात होते ही अवैध खनन के डंपर बहुत तेजी से गुजरते है जिससे कही ग्रामीणों के मकान चटक गए कही बार डंपरों के ड्राइवरों को समझा गया है लेकिन ड्राइवर उल्टा ग्रामीणों पर चढ़ जाते है और डंपर से टक्कर मारने की धमकी देते है वही ग्रामीण रिंकू का आरोप है इनका दो महीने पहले मकान बनवाया था मगर तेज रफ्तार डंपर गुजरने से उनका घर लिंटर चटक गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जांच कर अवैध खनन को बंद कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे अपने मकान बेचकर गांव से पलायन करने को मजबूर होंगे।

रामपुर में पदोन्नत होने पर स्टार लगाते एस पी संग एडिशनल एसपी



दैनिक बुलन्द मंज़िल

रामपुर। पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा कंधों पर सितारें लगाकर दी बधाई दी । बता दें कि उप-निरीक्षक लिपिक से निरीक्षक लिपिक के पद पर प्रोन्नत हुए उप-निरीक्षक संजीव कुमार तैनाती पुलिस कार्यालय रामपुर को एस पी रामपुर सोमेन्द्र मीना एवं एडिशनल एस पी , रामपुर श्री अनुराग सिंह द्वारा उनके कंधों पर सितारें लगाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं । इस अवसर पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया ।

दहेज मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला,केस दर्ज

दैनिक बुलन्द मंज़िल

पटवाई थाना क्षेत्र के नवाबगंज गांव निवासी ने शिवानी ने एसपी को शिकायत पत्र देकर बताया है कि उसकी शादी चार महीने पहले हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार आर्य समाज मन्दिर में हुआ था ससुराल वाले शादी से खुश नहीं थे पति नीतीश कुमार उर्फ सोनू, ससुर नरेशपाल, सास सुजाता, ननद राखी व भावना व जेठ अक्षय, नन्दोई विवेक, दहेज में 5 लाख रुपए नकद मांगते थे जबकि उसने अपने मां-बाप के खिलाफ जाकर विवाह किया था। फिर भी ससुराल वाले दहेज मांगने पर उतारू थे दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। 27 मार्च को ससुर फोन आया कि तू मेरे लडके सोनू को छोड़ दे या दहेज में पांच लाख रुपए का इन्तेजाम कर ले परिवार वालों के कहने पर उसके पति ने उसका दो बार गर्भपात भी कर दिया तथा दवाई देकर बच्चे के भ्रूण को गर्भ में ही मार दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू करदी है।

मनोना धाम के महंत जी तंजानिया (अफ्रीका) की धार्मिक यात्रा के कारण 8 अप्रैल से 15 तक धाम पर नहीं मिलेंगे

कलयुग के राजा श्री श्याम मंदिर के कपाट यथा समय खुलेंगे दर्शन भी होंगे

दैनिक बुलन्द मंज़िल/ विनोद गुप्ता

रामपुर । मनोना धाम के मुख्य मीडिया प्रभारी ठा. वेद पाल सिंह कठेरिया जी ने अपने रामपुर मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता को जानकारी देते हुए बताया कि देश विदेश मे जीवन धाम के नाम से विश्व विख्यात श्री श्याम मंदिर मनौना धाम के पूज्य महंत श्री श्री ओमेन्द्र महाराज 8 अप्रैल 2026 को भारत की सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार करने तथा वाबा श्याम की कृपा का दरवार लगाने तथा श्याम भक्तो को आशीर्वाद देने तंजानिया देश (अफ्रीका) जा रहे हैं जो 14 अप्रैल तक तंजानिया मे रहेगे तथा 15 अप्रैल 2026 को भारत मनौना धाम वापस आयेगे । तंजानिया पूर्वी अफ्रीका में स्थित एक





प्राकृतिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश है जिसकी राजधानी डोडोमा और सबसे वडा शहर दार अस सलाम है यह हिंद महासागर के तट पर स्थित है तंजानिया के उत्तरी भाग में इथोपिया केन्या और यूगांडा देश है तंजानिया देश बहुत गरीब देश है यह के लोग हर धर्म को बेहद सम्मानपूर्ण दर्जा देते है हर धर्म के लोग रहते हैं तथा यहा भारी संख्या मे भारतीय हिन्दू निवास तथा व्यापार करते हैं यहां हिन्दू के सनातन मंदिर है प्रसिद्ध स्वामी नारायण मंदिर है जहा होली दीपावली नवरात्रि हिन्दू त्योहार धूमधाम से मनाए जाते है मनौना धाम के महंत श्री ओमेन्द्र महाराज ने बताया कि मनौना धाम पर विदेशो से प्रतिदिन श्याम भक्त आते है जिन पर बाबा श्याम की कृपा हुयी है मुझे यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि मुझे तंजानिया की पावन धरती पर जाने और वहां के समुदायो को आशीर्वाद देने के लिए एक विशेष निमंत्रण प्राप्त हुआ है इस पवित्र आयोजन का निमंत्रण और सम्पूर्ण सहयोग विशेष रूप से मा सांसद भगवान जी भाई मेइसुरिया और सुनील भाई मेइसुरिया जो तंजानिया मे निवास करते है तथा तंजानिया की प्रेममयी जनता की ओर से प्राप्त हुआ है तंजानिया में भी गरीव श्याम भक्तो पर वाबा की कृपा हो तथा भारतीय सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार हो इसलिए मै विदेश धार्मिक यात्रा पर जा रहा हूं ।मनौना धाम के व्यवस्थापक एड श्यामेंन्द्र चौहान ने बताया कि पूज्य महंत जी महाराज के तंजानिया विदेश धार्मिक यात्रा के दौरान मनौना धाम पर सभी व्यवस्थाए दर्शन आरती अभिमंत्रित श्याम जल आरती छींटे प्रसाद अर्जी सुचारु रूप से यथा समय चलती रहेगी 8 अप्रैल से 15 अप्रैल तक किसी भी मरीज को धाम पर महंत जी महाराज के आशीर्वाद हेतु न लाये । 15 अप्रैल के वाद मनौना धाम पर यथा समय महंत जी महाराज अपने आसन पर बैठेगे आशीर्वाद देंगे ।

निजी विद्यालयों की मनमानी के विरोध में युवा व्यापारियों ने किया अनोखा प्रदर्शन

दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर

चन्दौसी। शुक्रवार को नगर में अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मण्डल की युवा इकाई के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही मनमानी के विरोध में युवा व्यापारियों ने एक अनोखा एवं प्रभावशाली प्रदर्शन किया। निजी स्कूलों द्वारा जबरन महंगी प्राइवेट किताबें, कॉपियां एवं निर्धारित दुकानों से ही स्कूल ड्रेस खरीदने के दबाव के खिलाफ व्यापारियों में भारी रोष देखने को मिला। इस दौरान युवा व्यापारियों ने विरोध दर्ज कराने के लिए प्रतीकात्मक रूप से किताबों और कॉपियों को तराजू पर रखकर रुपयों के साथ तोला। इस अनोखे प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने यह संदेश देने का प्रयास किया कि शिक्षा के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है



और किताबों-कॉपियों को ह्लसोने के भावह्ल बेचा जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि निजी विद्यालय प्रबंधन अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल रहे हैं। निर्धारित दुकानों से ही सामग्री खरीदने की बाध्यता पूरी तरह अनुचित है और इससे स्थानीय व्यापारियों का भी नुकसान हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ विद्यालयों द्वारा अपनी स्वयं की कॉपियां छपवाकर छात्रों को बेची जा रही हैं, जो पूरी तरह अनुचित है और इससे पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े होते हैं। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ह्यअन्नूह्ल ने कहा कि निजी स्कूल संचालकों की मिली भगत से बुक सेलर ने कोर्स में लूट मचा रखी है पिछले वर्ष जिलाधिकारी ने निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कार्यवाही कर एक एक लाख जुमार्ना डाला पर स्कूल संचालकों को होसले बुलंद है ४० से ५० प्रतिशत तक की कमीशन खोरी चल रही है। अधिकांश स्कूलों में एन सी ई आर टी की किताबों को नहीं लगाया गया है। मनमानी का ये आलम है किताबों को छोड़ो कॉपी तक अपने निर्धारित बुक सेलर पर रखी है। जो कॉपी १० रुपये की आती है उस कॉपी को २०० रुपये तक बेची जा रही है ह्लनिजी विद्यालयों की यह मनमानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र को व्यापार का माध्यम बनाकर अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है, जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए। प्रशासन को इस विषय में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

नगर महामंत्री शुभम अग्रवाल ने कहा कि विद्यालयों द्वारा तय दुकानों से ही किताबें, कॉपियां और ड्रेस खरीदने का दबाव पूरी तरह गलत है। साथ ही कुछ विद्यालयों द्वारा अपनी कॉपियां बनाकर बेचना भी गंभीर विषय है। इससे न केवल अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है, बल्कि स्थानीय व्यापारियों के साथ भी अन्याय हो रहा है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। युवा व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की कि इस प्रकार की मनमानी पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा अभिभावकों को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू, शुभम अग्रवाल, मयंक वार्ष्णेय चिंकल, अमित वार्ष्णेय, हर्षित गौड़, अंशुल वार्ष्णेय, गोविन्द वार्ष्णेय, आशीष गुप्ता सहित कई युवा व्यापारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने एकजुट होकर इस मुद्दे पर आवाज बुलंद की।

हाथरस के आरटीओ ऑफिस में दलालों का दबदबा कायम, बिना सेटिंग के नहीं हो रहे जरूरी काम

-डीएल से लेकर पंजीकरण तक दलालों की पकड़,कार्यालय गेट पर सजी दलालों की दुकानें

अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल

हाथरस। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में दलालों का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि बिना ह्यसेटिंगह्ल के यहां छोटा से छोटा काम भी कराना आम आदमी के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) बनवाने से लेकर वाहन पंजीकरण, फिटनेस और परमिट तक–हर काम में दलालों की भूमिका प्रमुख बताई जा रही है।

बताया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन के बावजूद आवेदकों को टेस्ट पास करने के लिए भी दलालों का सहारा लेना पड़ता है। इसके लिए हजारों रुपये तक की मांग की जाती है, जबकि पूरा काम 5 से 6 हजार रुपये में कराने की बात कही जाती है। जो लोग सीधे प्रक्रिया अपनाने की कोशिश करते हैं, उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

आरटीओ कार्यालय के बाहर, खासकर मैंडू रोड पर, दलालों ने कुर्सी-मेज लगाकर अपनी



ह्यदुकानेंह्ल सजा रखी हैं। ये लोग आने-जाने वाले लोगों को रोककर जल्द काम कराने का भरोसा देते हैं। इतना ही नहीं, कुछ दलाल तो कार्यालय के मुख्य गेट तक पहुंच चुके हैं और वहीं से अपने नेटवर्क के जरिए काम संचालित कर रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि रोजाना इसी गेट से आरटीओ प्रशासन, एआरटीओ, प्रवर्तन अधिकारी और अन्य कर्मचारी कार्यालय में प्रवेश करते हैं, लेकिन उन्हें बाहर सक्रिय दलाल नजर नहीं आते या फिर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। आरोप है कि कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना यह व्यवस्था संभव नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आमजन को मजबूरी में दलालों का सहारा लेना पड़ रहा है, क्योंकि बिना इसके फाइलें आगे नहीं बढ़तीं। यह स्थिति प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जरूरत है कि उच्च अधिकारी मामले का संज्ञान लें, निष्पक्ष जांच कराएं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और सरकारी कार्यालयों में पारदर्शिता सुनिश्चित हो।

हर साल नया एडमिशन क्यों निजी स्कूलों की मनमानी पर फूटा जनाक्रोश, फीस-किताबों के नाम पर खुली लूट

दैनिक बुलंद मंजिल / नागेन्द्र राजपूत

चांदपुर। क्षेत्र में निजी स्कूलों की मनमानी अब चरम पर पहुंचती दिखाई दे रही है। शिक्षा, जिसे समाज सेवा और भविष्य निर्माण का आधार माना जाता है, अब खुले कारोबार में तब्दील होती नजर आ रही है। अभिभावकों का आरोप है कि एक ही स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से हर साल नया एडमिशन कराया जा रहा है और इसके नाम पर भारी-भरकम फीस वसूली जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्कूल प्रबंधन द्वारा तय फीस के अलावा महंगे कोर्स, किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य खर्च जबरन थोपे जा रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और मजदूर वर्ग के अभिभावकों के लिए यह बोझ असहनीय होता जा रहा है। कई परिवार कर्ज लेकर बच्चों की पढ़ाई जारी रखने को मजबूर हैं।



सबसे गंभीर आरोप यह है कि यदि कोई अभिभावक इन अतिरिक्त खर्चों का विरोध करता है, तो उसके बच्चे को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है या क्लास में नजरअंदाज किया जाता है। इस डर और दबाव के चलते अभिभावक स्कूल की हर शर्त मानने को विवश हैं।

किताबें या सोना-चांदी

अभिभावकों ने स्कूलों द्वारा बेची जा रही किताबों की कीमतों पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि साधारण कागज पर छपने वाली किताबों को अत्यधिक दामों में बेचा जा रहा है। सवाल उठता है कि क्या ये किताबें कागज की हैं या सोने-चांदी की

तीखे सवाल–कहां है आवाज उठाने वाले

इस पूरे मामले ने समाज में कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं– इन स्कूली किताबों की खुली लूट पर पत्रकारों की जुबान क्यों नहीं खुलती

समाजसेवी और जिम्मेदार लोग आखिर कहां हैं

शासन-प्रशासन इस पर मूकदर्शक क्यों बना हुआ है

क्या समाज के तथाकथित ठेकेदार सिर्फ नाम के लिए रह गए हैं

संगठन ने उठाई आवाज, दी चेतावनी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जुड़े संगठन विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने इस मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशांत तोमर

हर साल नया एडमिशन और मनमानी फीस वसूली पूरी तरह अन्याय है। गरीब और मध्यम वर्ग को निशाना बनाया जा रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष स्वाति तोमरः

शिक्षा को व्यापार बना दिया गया है। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। सरकार को सख्त नियम लागू करने होंगे।

प्रदेश मंत्री व वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र सिंह राजपूतः

किताबों और एडमिशन के नाम पर जो लूट हो रही है, वह बेहद चिंताजनक है। यदि इस पर रोक नहीं लगी, तो यह बड़ा जनआंदोलन बन सकता है।

जिला अध्यक्ष दीपक शर्माः

स्कूल प्रबंधन की मनमानी अब नहीं चलेगी। प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी होगी, वरना संगठन सड़क पर उतरने को मजबूर होगा।

डीएम से सीधा सवाल

जनपद बिजनौर की जिलाधिकारी जसजीत कौर से अभिभावकों ने सवाल किया है– क्या गरीबों के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ने का अधिकार नहीं है? अगर है, तो फिर यह शोषण क्यों हो रहा है यदि समय रहते प्रशासन ने इस गंभीर मुद्दे पर ठोस कदम नहीं उठाए, तो यह समस्या विकराल रूप ले सकती है। जरूरत है पारदर्शी जांच और सख्त कार्रवाई की, ताकि शिक्षा को व्यापार बनने से रोका जा सके और हर वर्ग के बच्चों को समान अवसर मिल सके।

IGRS पर फर्जी निस्तारण का खेल झूठी रिपोर्ट लगाकर बंद हो रही शिकायतें, पीड़ितों में आक्रोश

दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत



चांदपुर। प्रदेश सरकार द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुरू किया गया IGRS (इंटीग्रेटेड ग्रिवांस रेड्रेसल सिस्टम) अब खुद सवालों के घेरे में आ गया है। आरोप है कि पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण करने के बजाय कई मामलों में झूठी रिपोर्ट लगाकर फाइलें बंद की जा रही हैं, जिससे पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा। सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र के कई लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर IGRS पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। इनमें राजस्व, पुलिस और स्थानीय प्रशासन से जुड़े गंभीर मामले भी शामिल हैं। लेकिन शिकायतकताओं का आरोप है कि संबंधित विभागों के अधिकारी बिना मौके पर जांच किए ही कागजों में मामला निपटा हुआ दिखा देते हैं। पीड़ितों का कहना है कि जब वे अपनी शिकायत की स्थिति देखते हैं, तो उसमें ह्यनिस्तारितह्ल लिखा मिलता है, जबकि वास्तविकता में उनकी समस्या जस की तस बनी रहती है। कई बार तो शिकायतकर्ता को यह तक नहीं बताया जाता कि किस आधार पर उनकी शिकायत बंद कर दी गई। इस पूरे मामले ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों में इसको लेकर खासा रोष है। उनका कहना है कि अगर शिकायत निवारण प्रणाली ही इस तरह काम करेगी, तो आम जनता न्याय के लिए कहां जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि IGRS जैसी प्रणाली का उद्देश्य जनता को त्वरित और पारदर्शी न्याय दिलाना है, लेकिन यदि इसमें लापरवाही या फर्जी निस्तारण किया जाता है, तो यह प्रणाली अपनी विश्वसनीयता खो सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई मांग पीड़ितों और क्षेत्रीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस गंभीर प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और शिकायतों के वास्तविक निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की गई है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि शासन-प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वाकई पीड़ितों को न्याय मिल पाता है या नहीं।

फोन बेचकर नमक जीरा खरीदने वाले हो जाओ सावधान आपकी प्राइवेसी हो रही है नीलाम

दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत

चांदपुर। आज के डिजिटल दौर में स्मार्टफोन सिर्फ बातचीत का साधन नहीं, बल्कि हमारी पूरी जिंदगी का आईना बन चुका है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिस फोन को आप इस्तेमाल कर रहे हैं, वही आपकी निजी जानकारी (प्राइवेसी) को देश-विदेश में बेचने का जरिया बन सकता है कैसे हो रही है आपकी प्राइवेसी की बिक्री कई मोबाइल ऐप बिना जरूरत के आपकी लोकेशन, कॉन्टैक्ट, फोटो और मैसेज तक एक्सेस ले लेते हैं। कुछ कंपनियां आपके डेटा को थर्ड पार्टी कंपनियों को बेच देती हैं। फ्री ऐप और सस्ते ऑफर्स के बदले आपका डेटा ही असली कीमतह्ल बन जाता है। फोन बेचकर नमक जीरा खरीदने



जैसी स्थिति क्यों लोग छोटे फायदे या सस्ते ऑफर्स के चक्कर में अपनी बड़ी निजी जानकारी दांव पर लगा देते हैं। जैसे–

फ्री ऐप डाउनलोड करना अनजान लिंक पर क्लिक करना बिना पढ़े परमिशन देना

बदले में कंपनियां आपके व्यवहार, पसंद-नापसंद, यहां तक कि आपकी आदतों का भी डेटा इकट्ठा कर उसे बेचती हैं।

खतरे क्या हैं

आपकी निजी जानकारी लीक हो सकती है

बैंकिंग फ्रॉड या साइबर ठगी का खतरा

आपकी पहचान (Identity) का गलत इस्तेमाल

टार्गेटेड विज्ञापन और मानसिक प्रभाव

कैसे बचें

केवल भरोसेमंद ऐप ही डाउनलोड करें

ऐप परमिशन सोच-समझकर दें

अनजान लिंक या कॉल से सावधान रहें

समय-समय पर फोन की सेटिंग और सिक्योरिटी अपडेट करें

थोड़ी सी लापरवाही आपको बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है। आज जरूरत है जागरूक बनने की, वरना आपकी प्राइवेसी सच में बिकाऊ बन सकती।

दहेज या साजिश विवाहिता को छत से फेंकने का आरोप, गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर

दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत

चांदपुर/हीमपुर दीपा। थाना हीमपुर दीपा क्षेत्रान्तर्गत एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक विवाहिता ने अपने ही ससुराल पक्ष पर जानलेवा हमला करने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि उसे घर की छत से नीचे फेंक दिया गया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, गांव सब्दलपुर रहरा निवासी गफ्फूर की पुत्री मुस्कान की शादी करीब आठ माह पूर्व लोनी के टेटा गाजीपुर निवासी मतीन के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि यह दोनों की दूसरी शादी थी और महिला का



पहले से एक पुत्र भी है। पीड़िता मुस्कान ने आरोप लगाया है कि उसके पति, सास, ससुर, जेठानी और जेठानी के पुत्र ने मिलकर उसे छत से नीचे धक्का दे दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोप यह भी है कि घटना के बाद ससुराल पक्ष उसे गंभीर हालत में मायके छोड़कर मौके से फरार हो गया। मायके पक्ष के अनुसार, जब उन्होंने ससुराल पक्ष से संपर्क किया तो पंचायत के जरिए मामला सुलझाने की बात कही गई, लेकिन तय समय पर कोई भी पंचायत में नहीं पहुंचा। महिला की हालत बिगड़ने पर गुरुवार को परिजनों ने 108 एम्बुलेंस की सहायता से उसे सीएचसी स्याऊ में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने ससुराल पक्ष के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के परिवार ने प्रशासन से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस का बयान थाना हीमपुर दीपा प्रभारी निरीक्षक भगवान सिंह ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना न केवल घरेलू हिंसा का गंभीर उदाहरण है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर भी बड़ा सवाल खड़ा करती है। यदि समय रहते आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो ऐसे मामलों में बढ़ोतरी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

नगीना में वाके मोहल्ला लाल सराय में मस्जिद संगतराश में समाज सुधार और तालीमी जागरूकता अभियान के तहत एक बैठक हुई

आज के समय में फैल रहे फितनों के दौर में ईमान की हिफाजत के लिए मिल-जुलकर कोशिश करना बहुत जरूरी है : मुफ़्ती रफाकत हुसैन कासमी





दैनिक बुलंद मंजिल
ब्यूरो चीफ बिजनौर

बिजनौर /नगीना। आज के समय में फैल रहे फितनों के दौर में ईमान की हिफाजत के लिए मिल-जुलकर कोशिश करना बहुत जरूरी है – यह बात मुफ़्ती रफाकत हुसैन कासमी ने कही। नगीना में आज इशा की नमाज के बाद नगीना में वाके मोहल्ला लाल सराय में मस्जिद संगतराश में समाज सुधार और तालीमी जागरूकता अभियान के तहत एक बैठक हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ़्ती ओवैस अकरम कासमी ने की और संचालन मुफ़्ती सूफियान कासमी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत कारी इकरार कासमी (दारुल उलूम देवबंद के शिक्षक) की कुरआन की तिलावत से हुई। इसके बाद मशहूर शायर हमजा अयाज बिजनौरी ने नात पेश की। इस मौके पर मक्तब के बच्चों ने भी अपने कार्यक्रम पेश किए, खास तौर पर रजब रियान ने। मुख्य अतिथि मुफ़्ती रफाकत हुसैन कासमी (दारुल उलूम वक्फ देवबंद के शिक्षक) ने अपने भाषण में कहा कि सफलता का असली आधार मजबूत ईमान है। उन्होंने बताया कि ईमान के बिना अच्छे कामों की कोई अहमियत नहीं होती, जबकि ईमान के साथ किए गए अच्छे काम दुनिया और आखिरत दोनों में कामयाबी दिलाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज के दौर में दीन की तालीम फैलाने के लिए मक्तब खोलना बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने इलाकों में मक्तब शुरू करें और दीन की तालीम को आम करें। अपने भाषण में उन्होंने माता-पिता को अपनी औलाद की सही परवरिश और दीन की तालीम पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की दीनदार परवरिश करना माता-पिता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, और इसमें लापरवाही नुकसानदेह हो सकती है। उन्होंने घरों में दीन का माहौल बनाने पर जोर दिया और कहा कि नमाज, कुरआन की तिलावत और ज़िक्र का खास ध्यान रखा जाए। साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि इस्लामी शिक्षाओं को घर में अमल में लाया जाए। उन्होंने कहा कि आज के फितनों के दौर में ईमान की हिफाजत के लिए सामूहिक प्रयास बहुत जरूरी हैं। उन्होंने उलमा और आम लोगों के आपसी सहयोग को दीन की हिफाजत के लिए जरूरी बताया। अंत में उन्होंने शिक्षा, परवरिश और समाज सुधार पर जोर देते हुए एक पूरा कार्यक्रम (योजना) पेश किया। कार्यक्रम के संयोजक मुफ़्ती इलियास कासमी और कारी इरशाद ने सभी मेहमानों का धन्यवाद किया। अंत में मुख्य अतिथि की दुआ के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। इस मौके पर मौलाना डॉक्टर खलीक अहमद कासमी, हाफिज रफीक, चेयरमैन शाहनवाज खलील, मुफ्ती अबरार, मुफ्ती फुजैल, मुफ्ती मुशाहिद, हाजी नासिर, सखावत, अजीम, हाजी ताहिर, हाजी तंजील, मुफ्ती नबील, मुफ्ती कफील, मौलाना वकील, मुफ्ती शादाब, मुफ्ती शाहिद, हाफिज जलील, मास्टर सरफराज, मास्टर अंस, हाफिज हसीब, कारी अकदस, हाफिज सफवान, मौलाना इरशाद, कारी फुरकान आदि मौजूद रहे।

नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम के तरणताल का डीएम जसजीत कौर ने किया भव्य शुभारम्भ

बुलंद मंज़िल उप जिला
प्रभारी मौहम्मद फैजान

बिजनौर। जनपद में खेल सुविधाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित नवनिर्मित तरणताल (स्विमिंग पूल) का फीता काटकर विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, खिलाड़ियों और स्थानीय नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने



बताया कि इस तरणताल के शुरू होने से तैराकी जैसी खेल विधाओं को बढ़ावा मिलेगा और युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए स्थानीय स्तर पर ही बेहतर मंच प्राप्त होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें और जनपद का नाम रोशन करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तरणताल के रख-रखाव, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि खिलाड़ियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण वातावरण मिल सके। साथ ही, प्रशिक्षित कोच की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।इस मौके पर खेल विभाग के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, कोच तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी और अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनपद में खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।नए तरणताल के शुरू होने से न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा, बल्कि भविष्य में जनपद स्तर एवं राज्य स्तर की तैराकी प्रतियोगिताओं के आयोजन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

मन्नान जैदी को समाज सेवा व स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया गया सम्मानित

दैनिक बुलंद मंज़िल /मौहम्मद फैजान

स्योहारा। समाज सेवा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले डॉ. मन्नान जैदी को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान के.एम.सी. हॉस्पिटल, मुरादाबाद के प्रबंध निदेशक डॉ. मोहसिन खान द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर दिया गया। डॉ. मन्नान जैदी, जो ह्यनयी लहर फाउंडेशनह्ल के संस्थापक हैं, विगत कई वर्षों से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की निस्वार्थ सेवा में निरंतर सक्रिय हैं। उनकी संस्था के माध्यम से हजारों मरीजों के निःशुल्क एवं कम लागत में सफल ऑपरेशन कराए जा चुके हैं, जिससे अनगिनत परिवारों को नई जिंदगी और राहत मिली है। ह्यनयी लहर फाउंडेशनह्ल द्वारा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, जन-जागरूकता अभियान तथा चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इस अवसर पर के.एम.सी. हॉस्पिटल, मुरादाबाद के प्रबंधन ने कहा कि डॉ. मन्नान जैदी का कार्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है और यह सेवा भाव का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। सम्मान प्राप्त करते हुए डॉ. मन्नान जैदी ने कहा कि उनका लक्ष्य समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है और वे भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखेंगे। क्षेत्र में ह्यनयी लहर फाउंडेशनह्ल के इन सराहनीय प्रयासों की व्यापक प्रशंसा की जा रही है और संस्था तेजी से समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी एक सशक्त पहचान स्थापित कर रही है।



दैनिक
बुलन्द मंज़िल

व्यापार

संभल
शनिवार, 04 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

संक्षिप्त समाचार

करनाल मंडी में गेहूं खरीद शुरू



चंडीगढ़। हरियाणा के करनाल की अनाज मंडी में बुधवार से गेहूं खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पहले दिन दो किसान अपनी फसल लेकर मंडी पहुंचे। जिला प्रशासन ने खरीद व्यवस्था को लेकर पूरी तैयारी का दावा किया है और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने का आश्वासन दिया है। जिला उपायुक्त उत्तम सिंह ने मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस बार गेहूं खरीद प्रक्रिया में कई बदलाव किए गए हैं। किसानों के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है, वहीं मंडी के एग्जिट गेट पर कैमरे भी लगाए गए हैं। इसके अलावा नीलामी (ऑक्शन) के लिए एक नया ऐप भी लॉन्च किया गया है।

सिर्फ 1 रुपए किलो रह गया आलू-प्याज का दाम



नई दिल्ली। इस समय देश के कई हिस्सों में किसान आलू-प्याज महज 1 रुपये किलो के भाव पर बेचने को मजबूर हैं। टमाटर के दाम भी गिरकर महज 2 रुपये प्रति किलो रह गया है। जब कभी टमाटर, आलू और प्याज के दाम बढ़ते हैं उपभोक्ताओं के हित के नाम पर सरकार जैसे अपने सिर पर आसमान उठा लेती है, लेकिन आज जब इनकी खेती करने वाले किसानों पर कम दाम की मार पड़ी है तो पूरा सिस्टम मौन हो गया है। किसान समझ नहीं पा रहा है कि इन उपजों को रखें या फेंकें क्योंकि फेंकने में भी ढुलाई का खर्च आएगा जिसे निकाल पाना मुश्किल है। राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो जनवरी से अब तक आलू के भाव में 40%, प्याज 50% और टमाटर में 80% तक गिरावट दर्ज की गई है।

झारखंड की ऑर्गेनिक हल्दी की चमक फीकी

झारखंड। सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत सेलाईडीह गांव में सदियों से पारंपरिक तरीके से 6.1% करक्यूमिन युक्त ऑर्गेनिक हल्दी की खेती की जा रही है। क्वालिटी के मामले में यह हल्दी देश की चर्चित लाकाडोंग हल्दी से किसी भी तरह कम नहीं है, लेकिन आज भी यहां के किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। समस्या उत्पादन या क्वालिटी में नहीं बल्कि ब्रांडिंग, मार्केटिंग और संगठित खरीद प्रणाली की कमी में है। यही कारण है कि प्रीमियम क्वालिटी की यह हल्दी भी स्थानीय बाजार में औने-पौने दाम में बिक जाती है। रायजामा के ग्राम प्रधान सुखदेव सरदार बताते हैं कि यह खेती उनके गांव की परंपरा का हिस्सा रही है। आज हमारी हल्दी की क्वालिटी किसी से कम नहीं है लेकिन बाजार में पहचान नहीं होने के कारण व्यापारी हमें कम कीमत देकर खरीद लेते हैं।

[शेयर बाजार] दिनभर की गिरावट के बाद हरे निशान में बंद हुआ सेंसेक्स

आईटी कंपनियों, निजी बैंकों में तेज लिवाली

■ मुंबई

शुरुआती कारोबार में करीब 1,600 अंक तक टूटने के बाद आईटी कंपनियों और निजी बैंकों में लिवाली से बीएसई का सेंसेक्स अंत में हरे निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स 872 अंक गिरकर 72,262 अंक पर खुला और एक समय 1,588 अंक लुढ़क चुका था। आईटी और निजी बैंकिंग कंपनियों में हुई तेज लिवाली से आखिरी एक घंटे में यह 185.23 अंक (0.25 प्रतिशत) चढ़कर 73,319.55 अंक पर बंद हुआ।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 33.70 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त में 22,713.10 अंक पर पहुंच गया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय समय के अनुसार, गुरुवार सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन में ईरान के खिलाफ अमेरिका के मिशन को सफल बताया, लेकिन कहा कि अगले दो-तीन सप्ताह खाड़ी देश पर हमले और तेज किये जायेंगे।इससे वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही। हालांकि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद मार्च में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी के पीएमआई आंकड़े आने और रुपये में जबरदस्त मजबूती के कारण भारतीय शेयर बाजारों पर दबाव कम दिखा।वृहत बाजार में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.16 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.38 प्रतिशत फिसल गया।सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी आईटी सूचकांक 2.60 प्रतिशत मजबूत हुआ। रियलटी, धातु, निजी बैंकों और एफएमसीजी के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। ऑटो, फार्मा, स्वास्थ्य, मीडिया, सार्वजनिक बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और रसायन सेक्टरों में गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,311 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,018 के शेयर ऊपर बंद हुए जबकि 1,216 में गिरावट रही। अन्य 77 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.38 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.74 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.70 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 2.47 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.58 प्रतिशत नीचे था।



30 कंपनियों में से 19 बढ़त में रही

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 बढ़त में रहीं। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 3.47 प्रतिशत की तेजी रही। टेक महिंद्रा का शेयर 2.67 फीसदी, इंफोसिस का 1.90, टीसीएस का 1.80, एचडीएफसी बैंक का 1.21, बजाज फाइनेंस का 1.13 और मारुति सुजुकी का 0.99 प्रतिशत चढ़ा। टाइटन, ट्रेंट, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और इंडिगो के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियन पेंट्स में 2.46 फीसदी की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 2.13 प्रतिशत, सनफार्मा का 1.96, एनटीपीसी का 1.33, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.31 और पावरग्रिड का 1.02 प्रतिशत टूट गया। अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व और टाटा स्टील के शेयरों में भी गिरावट रही।

विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार मार्च में पौने चार साल के निचले स्तर पर

■ मुंबई

लागत मूल्य में तेज वृद्धि, कमजोर मांग और पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनैतिक अस्थिरता के कारण मार्च में देश की विनिर्माण गतिविधियों में सुस्ती देखी गयी और विनिर्माण क्षेत्र का एचएसबीसी इंडिया खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) पौने चार साल के निचले स्तर पर आ गया।

मार्च में पीएमआई 53.9 दर्ज किया गया जो मासिक आधार पर गतिविधियों में वृद्धि तो दिखाता है लेकिन वृद्धि की रफ्तार जून 2022 के बाद सबसे कम है। फरवरी में पीएमआई 56.9 रहा था। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी और इससे कम रहना गिरावट को दिखाता है जबकि 50 का स्तर स्थिरता बताता है। पीएमआई के आंकड़े गतिविधियों की मासिक आधार पर तुलना करते हैं। इसके आंकलन में उत्पादन के अलावा लागत, नये ऑर्डर, उत्पाद मूल्य, रोजगार सृजन आदि को भी शामिल किया जाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर हो रहा है जिससे भारतीय विनिर्माता भी प्रभावित हो रहे हैं। उत्पादन और नये ऑर्डरों में उल्लेखनीय सुस्ती दर्ज की गयी है जो मांग में कमी और बढ़ी हुई अनिश्चितता की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा कि इस दौरान एल्युमीनियम, रसायन और ईंधन समेत अधिकतर कच्चे माल की कीमतों में उछाल आया है। फिलहाल कंपनियां बढ़ी लागत का ज्यादातर बोझ खुद उठाते दिख रहे हैं जिससे उत्पादों की कीमत तुलनात्मक रूप से उतनी नहीं बढ़ी है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा बताया गया है कि पीएमआई के दो सबसे बड़े घटकों नये ऑर्डर और उत्पादन की वृद्धि दर मार्च में साल 2022 के मध्य के बाद से सबसे कम स्तर पर रहा है। इसकी मुख्य वजह बाजार की परिस्थितियां, लागत का दबाव और पश्चिम एशिया में जारी युद्ध हैं। लागत मूल्य में साढ़े तीन साल की सबसे तेज वृद्धि रही। ल्यूमीनियम, रसायन, ईंधन, जूट, चमड़ा, कपड़ा, तेल, रबड़ और स्टील कुछ प्रमुख सामान हैं जिनकी कीमत में तेज वृद्धि देखी जा रही है। हालांकि कंपनियों ने लागत मूल्य की तुलना में उत्पादों के दाम कम बढ़ाये हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अनिश्चितता को देखते हुए कंपनियों ने कच्चे माल का भंडार बढ़ा लिया है।



सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

■ नई दिल्ली

सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार का गिरावट आई। ये गिरावट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रंप के ताजा बयान से आई है जिससें उन्होंने कहा है कि अमेरिका अब ईरान के खिलाफ अपने लक्ष्य हासिल करने के करीब है और ऐसे में हमले और तेज किये जाएंगा। इससे सुबह एमसीएक्स पर सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट रही। आज सुबह सोना 2228 रुपये प्रति 10 ग्राम फीसलकर 151480 रुपये जबक चांदी 10,225 रुपये नीचे आकर 233276 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया।



दूसरी और सोने और चांदी की कीमतों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी गिरावट रही है। सोना 1.98 फीसदी नीचे आकर 4,688 डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी 5 फीसदी गिरकर 72.205 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गयी। वहीं यूएस फेडरल रिजर्व के रेट कम करने को लेकर अभी उम्मीदें नहीं हैं। इससे महंगाई का खतरा बना हुआ है। ऐसे में फेड सावधानी बरत रहा है और साल 2026 समाप्त होने से पहले ब्याज दरों में कमी की संभावना जतायी जा रही है। ट्रंप के बयान के बाद मार्केट्स में अस्थिरता बढ़ गई है, क्योंकि निवेशक बढ़ते युद्ध के खतरे को लेकर सतर्कता बरत रहे हैं। डॉलर और बॉन्ड यील्ड में तेजी से सोना-चांदी पर दबाव बढ़ा है।

डॉलर के मुकाबले रुपया बढ़त के साथ बंद हुआ

■ नई दिल्ली

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 30 पैसे की बढ़त के साथ ही 93.13 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया 93.44 पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह अपने सबसे निचले स्तर से उबरते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.19 पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डॉलर के मुकाबले रुपए में तेज गिरावट के बीच बुधवार को अधिकृत डीलरों के लिए कई नए कदमों की घोषणा की जिसके बाद से ही रुपया संभला है।आरबीआई ने निर्देश दिया है कि अधिकृत डीलर यानी विदेशी मुद्रा लेनदेन की अनुमति वाले बैंक अब रुपये से जुड़े नॉन-डिलीवेरेबल डेरिवेटिव (एनडीडी) अनुबंधों की पेशकश निवासी एवं अनिवासी ग्राहकों के लिए नहीं कर सकेंगे।



हालांकि अधिकृत डीलर बैंकों को डिलीवेरेबल विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध पेश करने की अनुमति जारी रहेगी, जिससे ग्राहकों को जोखिम से बचाव मिल सके। इसके साथ ही शर्त यह है कि ग्राहक इसके समानांतर नॉन-डिलीवेरेबल सौदे नहीं कर सकेंगे। इससे पहले, आरबीआई ने अधिकृत डीलर बैंकों के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में रुपए की नेट ओपन पोजीशन (विदेशी मुद्रा में कुल खरीद एवं बिक्री के बीच का अंतर) पर 10 करोड़ डॉलर की सीमा भी तय की थी। वहीं विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, मजबूत होते डॉलर और अस्थिर भू-राजनीतिक हालात के बीच बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव अब भी बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.62 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों में तेजी से बढ़कर 93.19 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 151 पैसे या 1.6 फीसदी की बढ़त दर्शाता है।

रेस्तरां उद्योग को लग सकता है 79,000 करोड़ का झटका

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वाणिज्यिक तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलिंडरों की आपूर्ति तंग होने के बीच रेस्तरां उद्योग लगभग 79,000 करोड़ रुपये तक का नुकसान उठा सकते हैं। इसकी वजह यह है कि कई रेस्तरां अपने आउटलेट बंद कर रहे हैं या फिर कारोबार चलाने के नाम पर काफी कम व्यंजन ही परोस पा रहे हैं। नैशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा किए गए एक आंतरिक सर्वेक्षण के अनुसार रेस्तरां उद्योग को प्रति माह 79,000 करोड़ रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ सकता है क्योंकि उत्पादन से जुड़ी गतिविधियां 15-20 प्रतिशत तक कम हो गई हैं।

देश भर में 5 लाख से अधिक रेस्तरां का प्रतिनिधित्व करने वाले इस उद्योग संगठन के अनुसार देश के लगभग 10 प्रतिशत रेस्तरां अस्थायी रूप से बंद हो गए हैं जबकि 60-70 प्रतिशत इंडक्शन



स्टोव और वैकल्पिक ईंधनों के सहारे चल रहे हैं। रेस्तरांओं में काम कम हो गए हैं और व्यंजनों की फेहरिस्त छोटी की जा रही है। इस सप्ताह की शुरुआत में स्टॉक एक्सचेंजों की दी जानकारी में डोमिनोज और पोपयेज का संचालन करने वाली जुबिलेंट फूडवर्क्स ने कहा कि उसे देश भर में व्यावसायिक एलपीजी के वितरण में आपूर्ति संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसमें कहा गया है,'कंपनी के स्टोर नेटवर्क के कुछ हिस्सों में एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति बाधित हुई है। इस स्तर पर परिचालन पर सीमित असर हुआ है मगर इससे गंभीरता से निपटा जा रहा है।

एयरटेल 65 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मोबाइल सेवा प्रदाता बनी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारती एयरटेल ने गुरुवार को ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस एसोसिएशन (जीएसएमए) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वह 65 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन गई है। जीएसएमए यह एक वैश्विक व्यापारिक निकाय है जो मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटरों और मोबाइल इकोसिस्टम में मौजूद कंपनियों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। यह प्रौद्योगिकी, पॉलिसी और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए भी काम करता है।

एयरटेल ने जीएसएमए इंटेलिजेंस के आंकड़ों का हवाला देकर कहा, 'मोबाइल ग्राहक आधार के मामले में भारती एयरटेल वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है, और इसका परिचालन भारत और अफ्रीका में फैला हुआ है। 2026 के ताजा आंकड़ों के अनुसार,



दुनिया के दूरसंचार बाजार में चाइना मोबाइल अपने एक अरब से अधिक ग्राहकों के साथ पहले नंबर है। वहीं भारती एयरटेल करीब 65 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है। इसमें भारत के अलावा 14 अफ्रीकी देशों में भी इसकी मजबूत मौजूदगी शामिल है। दूसरी ओर रिलायंस जियो तकरीबन 50 करोड़ ग्राहकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारती एयरटेल के कार्यकारी उपाध्यक्ष गोपाल विट्टल ने कहा, 'हम नवाचार, विश्वसनीयता और अनुभव के स्तर को और ऊंचा उठाने की कोशिश करेंगे ताकि ग्राहक के साथ हर बातचीत विश्वास अर्जित करने और मूल्यवान संबंध प्रदान करने का एक अवसर हो।' कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि ये आंकड़े 31 मार्च तक उपलब्ध संख्याओं पर आधारित हैं। एयरटेल ने कहा कि भारत में उसके 368 मिलियन से अधिक मोबाइल ग्राहक हैं और अफ्रीका के 14 देशों में 179 मिलियन से अधिक ग्राहक हैं। कंपनी ने बयान में कहा, 'अपने क्षेत्रीय केंद्रों से परे, एयरटेल यूटेलसैट वनवेब और स्पेसएक्स के साथ रणनीतिक साझेदारी जरिए डिजिटल विभाजन को कम कर रहा है।'

दुनिया की टॉप चार दूरसंचार कंपनियां

कंपनी	देश	ग्राहक संख्या
चाइना मोबाइल	चीन	100.39
भारती एयरटेल	भारत	60
रिलायंस जियो	भारत	51.76
चाइना टेलीकॉम	चीन	42.34

(ग्राहक संख्या करोड़ में)

पश्चिम एशिया युद्ध का असर

पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के डर से ई-वाहनों की बिक्री में उछाल

एजेंसी ■ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ईंधन की कीमतों के संबंध में उपभोक्ताओं की बढ़ती चिंता ने देश में इलेक्ट्रिक दो-पहिया (ई-दोपहिया वाहनों) को अपनाने की रफ्तार तेज कर दी है। मार्च में इन वाहनों की पैठ का स्तर पिछले महीनों के लगभग 6.5 से 7 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 9.7 प्रतिशत हो गया है। एथर एनर्जी के मुख्य कारोबारी अधिकारी (सीबीओ) रवनीत एस फोकेला ने यह जानकारी दी है।

वह सोमवार को लाइट इलेक्ट्रिक-व्हीकल एक्सेलरेशन फोरम (लीफ) की शुरुआत के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। लीफ उद्योग के नेतृत्व वाला कंसोर्टियम है। इसका मकसद इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए ईवी चार्जिंग के बुनियादी ढांचे का मानकीकरण और विस्तार करना



है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया के संघर्ष ने 'संपूर्ण ई-दोपहिया उद्योग को बढ़ावा दिया है, क्योंकि पेट्रोल की कीमतों में अस्थिरता से चिंतित ग्राहक तेजी से इलेक्ट्रिक विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं। 'ई-दोपहिया पर मेरी स्पष्ट राय है। अगर आप पैठ पर नजर डालें, तो यह पिछले कई महीनों से लगभग 6.5 से 7 प्रतिशत रही है। इस महीने की शुरुआत से अब तक कुल दोपहिया बिक्री में ई-दोपहिया की पैठ 9.7 प्रतिशत है। यह वाहन का आज सुबह तक के आंकड़े हैं।' उन्होंने कहा कि मार्च में अब तक वाहन पोर्टल पर लगभग 1,62,000 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का पंजीकरण किया गया है।

साख निर्धारक एजेंसी केयरएज रेटिंग्स की साख गुणवत्ता रिपोर्ट में दावा

वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट मजबूत

■ मुंबई

पहले अमेरिकी आयात शुल्क और अब पश्चिम एशिया संकट के बीच भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट मजबूत बनी हुई है और उनका कर्ज का अनुपात घट रहा है। साख निर्धारक एजेंसी केयरएज रेटिंग्स की साख गुणवत्ता रिपोर्ट क्रेडिट रेशियो का दावा है कि साख बढ़ने और घटने का अनुपात यानी क्रेडिट रेशियो वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही की तुलना में दूसरी छमाही में कम होने के बावजूद 10 साल के औसत से ऊपर बना हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी छमाही में क्रेडिट रेशियो 1.93 रहा जबकि पहली छमाही में यह 2.56 था। इस दौरान 363 कंपनियों की



रेटिंग बढ़ायी गई जबकि 188 कंपनियों की रेटिंग घटायी गयी। इस मामले में 10 साल का औसत 1.55 है। साख घटने की दर सात प्रतिशत रही जो दस साल के औसत 10 प्रतिशत से कम है। हालांकि साख बढ़ने की दर में कमी आयी है और यह लंबी अवधि के औसत 15 प्रतिशत से घटकर फिलहाल 13 प्रतिशत रह गयी है। केयरएज रेटिंग्स ने का कहना है कि इससे पता चलता है कि क्रेडिट प्रोफाइल में सुधार अब कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक ही सीमित हो गया है। फिर भी, रेटिंग बरकरार रखने की दर 80 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी हुई है। इसका मतलब है कि बाहरी कारकों के बावजूद ज्यादातर कंपनियां अपनी स्थिति मजबूत बनाये हुए हैं। इसका प्रमुख कारण कंपनियों द्वारा लगातार अपना कर्ज कम करने के रुझान को बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2025 तक कुल गियरिंग (कर्ज का अनुपात) घटकर महज़ 0.50 रह गया है, जो 31 मार्च 2016 को 1.04 था। यह अनिश्चितता के इस दौर में भारतीय कंपनियों की बैलेंस शीट की मजबूती को दर्शाता है।

2026-27 में घट सकती है जीडीपी की विकास दर

केयरएज का अनुमान है कि अगर वित्त वर्ष 2026-27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल रहती है, तो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह सकती है और महंगाई 5.1 प्रतिशत से 5.3 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। श्री गुप्ता ने कहा, हालांकि भारत के पास बचाव के मजबूत नीतिगत उपाय और कंपनियों की बेहतर वित्तीय स्थिति का लाभ है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या वैश्विक हालात और बिगड़ने पर भी ये घरेलू उपाय साख की गुणवत्ता को बरकरार रखने के लिए काफी होंगे। फिलहाल तो इसका जवाब हाँ की तरफ अधिक दिख रहा है, लेकिन सुरक्षित रहने की गुंजाइश कम होती जा रही है। बदलते वैश्विक और भू-राजनीतिक हालात के बीच विनिर्माण और सेवा क्षेत्र का क्रेडिट रेशियो वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में सुधरकर 2.06 हो गया जो पहली छमाही में 1.72 था।

दिल्ली थोक जिंस बाजारों में मिलाजुला असर

गेहूं-दालों के दाम गिरे, खाद्य तेलों में घट-बढ़

■ नई दिल्ली

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत गिर गयी। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी नरमी देखी गयी जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 47 रुपये घटकर 3,819 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं दो रुपये सस्ता हुआ और 2,789 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत पिछले कारोबारी दिवस पर ही रही। दाल-दलहनों में नरमी रही। उड़द दाल औसतन 67 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। चना दाल की कीमत 51 रुपये और मूंग दाल की 40 रुपये गिर गयी। तुअर दाल 36 रुपये और



मसूर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। पाम ऑयल की कीमत 59 रुपये और सूरजमुखी तेल की 53 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे **-दाल-दलहन :** दाल चना 7668.78 रुपये, मसूर काली 8073.16 रुपये, मूंग दाल 10121.92 रुपये, उड़द दाल 10747.45 रुपये, तुअर दाल 11219.48 रुपये प्रति क्विंटल रही। **अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2788.53 रुपये और चावल 3818.68 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3275.84 रुपये प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4300.91 रुपये और गुड़ 4964.60 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 17789.85 रुपये, मूंगफली तेल 18695.62 रुपये, सूरजमुखी तेल 17266.75 रुपये, सोया तेल 14604.85 रुपये, पाम ऑयल 13231.22 रुपये और वनस्पति 14639.70 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

श्री लड्डू वाले बालाजी दरबार में धूमधाम से मनाया बालाजी महाराज का 29 वां जन्मोत्सव





दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर

चन्दौसी। श्री लड्डू वाले बालाजी दरबार में बालाजी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। बालाजी दरबार में तीन दिन पूर्व से ही बालाजी जन्मोत्सव की तैयारी चल रही थी। जिसमें सर्वप्रथम श्री अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। उसके बाद अगले दिन पाठ के समापन के बाद महाआरती की गई।

गुरुवार को सीता रोड स्थित बालाजी धाम में श्री लड्डू वाले बालाजी दरबार में बालाजी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसका शुभारंभ बाबा के पांच शाही स्नान से प्रारंभ कराया। जिसमे मुख्य यजमान चंदौसी के उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने दरबार की महंत के साथ बाबा को पंचशाही स्नान कराया और अन्य भक्तों ने भी बाबा के शाही स्नान में भाग लिया। उसके बाद हवन में मंत्र उच्चारण के साथ उपजिलाधिकारी व भक्तों ने आहुति दी और देश की सुख शांति और समृद्धि की बाबा से प्रार्थना की। वहीं दरबार के महंत राकेश कुमार अग्रवाल ने उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी का सम्मान पटका व माला पहनकर किया। वहीं दोपहर के समय बाबा का तिलकोत्सव कार्यक्रम किया गया। जिसमें चंदौसी कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर पहुंचे। जिनका दरबार के महंत द्वारा स्वागत किया गया। उसके पश्चात दरबार में ब्राह्मण भोज व कन्या भोज के बाद छप्पन भोग का प्रसाद वितरण किया गया और विशाल भंडारे का आयोजन भी किया। जहां सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया वहीं दरबार के महंत राकेश कुमार अग्रवाल ने बताया की श्री लड्डू वाले बालाजी दरबार में 29 वर्षों से बाबा के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया जाता है। प्रतिवर्ष जन्मोत्सव से 2 दिन पूर्व रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जाता है उसके पश्चात नगर में बाबा की प्रभात फेरी निकालकर अगले दिन जन्मोत्सव बाबा के शाही स्नान से शुरू होकर रात्रि तक कार्यक्रम चलते हैं।जिसमे बाबा का शाही स्नान, हवन, बाबा का शाही तिलक व विशाल भंडारे का आयोजन के बाद रात को बाबा का जगराता धूमधाम से किया जाता है। जिसमें सभी भक्त सम्मिलित होकर बाबा के जगराते का आनंद लेते हैं और बाबा उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इस दौरान सुमन शर्मा, हेमंत बालाजी, सुमित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, इलू वार्ष्णेय, सोनू वार्ष्णेय, अभिषेक सिंह, राजन वार्ष्णेय, चन्द्र प्रकाश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अंकित, नरेश सैनी, मनीष वार्ष्णेय, संतोष वार्ष्णेय, राजा,प्रदीप सिंह,संदीप सिंह, शिव राठौर, शुभम राघव,लोकेश शर्मा, प्रशांत राघव, ऋतू वार्ष्णेय, कुमकुम वार्ष्णेय, मिथिलेश,पिंकी शर्मा, गीता वार्ष्णेय, अन्नू, पूजा, कुन्ती, सविता राठौर, वंशिका राठौर,आस्था राठौर आदि मौजूद रहे।

गौशालाएं बनेगी किसानों की आय का साधन : डॉ वार्ष्णेय

गौशालाएं परिसर में यथाशीघ्र सीसीटीवी कैमरा लगवाना सुनिश्चित करें खंड विकास अधिकारी राकेश निरालां





दैनिक बुलंद मंज़िल

बिसौली:विकासखंड आसफपुर विकासखंड स्तरीय अनुश्रवण,मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति का आयोजन किया गया जिसमें विकासखंड आसफपुर में संचालित समस्त गौशालाओं की गहन समीक्षा की गई समिति के उपाध्यक्ष पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीप वार्ष्णेय ने बताया कि गौशालाओं में साल भर हरे चारे की उपलब्धता हेतु स्थानीय स्तर पर किसानों ,स्वयं सहायती समूह, एफपीओ और एनजीओ आदि से ग्राम स्तर पर संबंधित ग्राम पंचायतों की गौशालाएं अनुबंध करें जिससे एक तो किसानों को अपना हरा चारा बेचने का माध्यम मिलेगा दूसरा किसानों की आय भी बढ़ेगी तथा संबंधित ग्राम सचिव स्थानीय स्तर पर उक्त किसानों को गौशालाओं से गोबर व जैविक खाद भूसे के बदले उपलब्ध कराएंगे जिससे न केवल किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा बल्कि किसानों की उपज भी बढ़ेगी डॉ दीप वार्ष्णेय ने आगे बताया कि गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु गौ उत्पादन आधारित उत्पाद बनाए जाने की आवश्यकता है जैसे प्रदेश की विभिन्न गौशालाओं में जैविक खाद, गौ कास्ट ,गोबर की मूर्तियां, गोबर के साबुन, गोबर से फिनाइल, गोबर से दीए आदि कार्य किया जा रहे हैं हमारे विकासखंड में भी इस तरह के कार्य कर जाने की आवश्यकता है।बैठक की अध्यक्षता कर रहे खंड विकास अधिकारी राकेश निरालां ने बताया कि सभी गौशालाएं अपने परिसर में यथाशीघ्र सीसीटीवी कैमरा लगवाना सुनिश्चित करें तथा किसानों से वर्तमान में भूसे के सीजन में लगभग साल भर का भूसा संकलित कर लें बैठक में खंड विकास अधिकारी आसफपुर द्वारा सभी ग्राम सचिवों को गौशालाओं में संरक्षित गोवंश को हरा चारा, भूसा व राशन इत्यादि समय से दिए जाने हेतु निर्देशित किया तथा माननीय मुख्यमंत्री सहयोगता योजना में अधिकतम किसानों को जोड़ने हेतु निर्देशित किया तथा कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र से कुपोषित बच्चों के परिवार की सूची प्राप्त कर कुपोषित बच्चों परिवारों को ऐसे परिवारों को गौशाला से माननीय मुख्यमंत्री सहभागिता योजना में अधिक से अधिक लाभ दें बैठक में पशुधन प्रसार अधिकारी आसफपुर एवं समस्त ग्राम सचिव उपस्थित रहे।

फैजगंज बेहटा में चोरों का ताण्डव सिसरका में दो किसानों के नलकूपों से हजारों की चोरी

नलकूपों के ताले तोड़कर सामान समेट रहे चोर, पुलिस की गश्त पर उठ रहे सवाल





दैनिक बुलंद मंज़िल

बिसौली: थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांवों में इन दिनों अज्ञात चोरों ने आतंक मचा रखा है। चोरों ने अब किसानों के निजी नलकूपों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है, जिससे अन्नदाता खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। ताजा मामला ग्राम सिसरका का है, जहाँ बृहस्पतिवार की रात चोरों ने दो किसानों के ट्यूबवेल खंगाल डाले और हजारों रुपये का कीमती सामान चोरी कर ले गए।ग्रामीणों के अनुसार चोरों ने सबसे पहले किसान श्याम सिंह के नलकूप का ताला तोड़ा। वहां जमकर उत्पात मचाते हुए चोरों ने ट्यूबवेल को क्षतिग्रस्त कर दिया और वहां रखा स्टार्टर, करीब तीस किलो पानी वाला पाइप केबल और अन्य कीमती सामान बटोर ले गए। सुबह जब श्याम सिंह खेत पहुंचे तो टूटे हुए दरवाजे और गायब सामान को देख उनके होश उड़ गए।?चोरों ने इसी तरह पास ही स्थित राकेश शर्मा के ट्यूबवेल को भी निशाना बनाया। यहाँ से चोरों ने ताला तोड़कर लगभग सैंतालीस किलो पाइप, केबल और कई महत्वपूर्ण कृषि यंत्रों पर हाथ साफ कर दिया।पीड़ित किसानों ने तत्काल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की है। बाद में किसानों ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में लगातार हो रही इन वारदातों से किसानों में गहरा रोष है। किसानों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्त न होने के कारण चोर बेखौफ होकर जंगलों में वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।सीमावर्ती क्षेत्र आसपास के गांवों में इन दिनों चोरों का आतंक चरम पर है। भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर अज्ञात चोर किसानों के निजी नलकूपों को लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में हुई चोरी की वारदातों ने किसानों की कमर तोड़ दी है, जिससे क्षेत्र के अन्नदाताओं में भारी रोष और भय का माहौल है इलाका अन्य जिलों क्षेत्रों की सीमाओं से सटा होने के कारण चोरों के लिए 'सेफ पैसेज' बन गया है ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक, चोर देर रात नलकूपों से कीमती मोटर, तांबे के तार और अन्य उपकरण चोरी कर आसानी से सीमा पार निकल जाते हैं।

डिवाइन फेथ फैलोशिप ग्लोबल मेथाडिस्ट चर्च, में गुड फ्राइडे के अवसर पर सभा का आयोजन





दैनिक बुलंद मंज़िल

सम्भल/बहजोई में पवित्र गुड फ्राइडे के अवसर पर एक अत्यंत भावगर्भित एवं आत्मिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। यह सभा प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर दिए गए बलिदान की स्मृति में, लेंट (चालीस दिन के उपवास) के अंतिम दिन आयोजित की गई, जो दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक सम्पन्न हुई। इस दौरान प्रभु यीशु के क्रूस पर कहे गए सात वचनों पर गहन चिंतन किया गया, जिसने सम्पूर्ण सभागार को मौन, श्रद्धा और आत्मविश्लेषण से भर दिया। इस अवसर पर ग्लोबल मेथडिस्ट चर्च के प्रेसिडिंग एल्डर रेव्ह० डॉ० राहुल उठवाल ने कहा– "प्रभु यीशु मसीह का क्रूसीय बलिदान केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि एक अनन्त संदेश है प्रेम, क्षमा, सेवा और आत्मसमर्पण का।" प्रभु यीशु ने क्रूस पर असीम पीड़ा सहते हुए भी कहा, "हे पिता, इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते कि क्या कर रहे हैं," इस वचन पर डॉ० राहुल उठवाल ने चिंतन प्रस्तुत किया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए दूसरा वचन "आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा" अंजली द्वारा प्रस्तुत किया गया, जबकि तीसरा वचन "हे नारी, देख यह तेरा पुत्र है" पर पुनः डॉ. उठवाल ने विचार साझा किए। चौथा वचन "हे मेरे परमेश्वर, तूने मुझे क्यों छोड़ दिया?" खुशी मसीह द्वारा प्रस्तुत किया गया, पाँचवाँ वचन "मैं प्यासा हूँ" पर सैलीन मसीह ने आत्मिक भाव व्यक्त किए। छठा वचन "पूरा हुआ" आकांक्षा द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा अंतिम वचन "हे पिता, मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूँ" पर पादरी प्रवीन कुमार ने समर्पण के गहन अर्थ को स्पष्ट किया। अंत में राष्ट्र की शांति, एकता, प्रेम और उन्नति के लिए विशेष प्रार्थनाएँ की गईं। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक परंपरा रहा, बल्कि आत्मिक जागृति और प्रभु के प्रेम को अनुभव करने का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ। प्रार्थना सभा में चर्च परिवार के अनेक सदस्यों ने सहभागिता की, जिनमें प्रमुख रूप से कोमल, सामर्थ, कनक, अंजली, रोशनी, सारा, अर्जुन, मुस्कान, विनती, श्रद्धा, शिफा, अमायरा, चुनमुन, बेबी रोबिनसन, आकांक्षा रोबिनसन, सैलीन मसीह, सीमा टॉड, पूजा, अमोस, खुशी, ममता, अर्णव, विजय पीटर सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

समिति ने मनाई प्रथम सेनाध्यक्ष एवं फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की जयंती



दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर

चन्दौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में भारत को 1965एवं 1971के भारत पाकिस्तान युद्ध में विजय दिलाने वाले, प्रथम सेनाध्यक्ष एवं फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की जयंती कृष्णानगर गली नंबर दो में पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा के आवास पर धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र एवं अध्यक्षता कर रहे ब्रह्मचारी 1008 स्वामी योगेश्वर स्वरूप जी ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आर्यक्रम आयोजक ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे। अध्यक्षता ब्रह्मचारी1008 स्वामी योगेश्वर स्वरूप ने की। कवि माधव मिश्र ने कहा कि सैम मानेकशॉ ने भारतीय सेना को एक सक्षम हथियार बनाया और 1965एवं 1971के भारत पाकिस्तान युद्ध में विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें फील्ड मार्शल के पद से सम्मानित किया गया। वे भारत के पहले फील्ड मार्शल थे। उनका सैन्य कैरियर बहुत ही प्रभाव शाली था, उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में भाग लिया। उन्होंने 1942के वर्मा अभियान में भाग लिया और उन्हें मिलिट्री क्रॉस से सम्मानित किया गया। 1973में पद्मभूषण और 1986में पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया। आगे राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि सैम मानेकशॉ का जन्म 3अप्रैल 1914को अमृतसर पंजाब में एक पारसी परिवार में हुआ था। उनके पिता होर्मुसजी मानेकशॉ एक डॉक्टर थे और माता हीराबाई मानेकशॉ थीं। प्रारम्भिक शिक्षा अमृतसर में हुई और बाद में नैनीताल के शेरवुड कॉलेज में पढ़ाई की। अध्यक्षता करते हुए ब्रह्मचारी 1008स्वामी योगेश्वर स्वरूप , संचालक बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी, कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा, ओम शंखधार, कल्याण सिंह, एडवोकेट रामकिशोर अग्रवाल, पूर्व बैंक मैनेजर दिनेश चन्द्र गुप्ता, संरक्षक अनिल कुमार शर्मा, पूर्व प्रधान वेदराम मौर्य, आनन्द प्रकाश यादव, एडवोकेट ललित शर्मा, शिक्षक अरविन्द कुमार, एडवोकेट नत्थू सिंह, गंगा देवी मिश्रा, भुवनेश्वरी पचौरी, मुकुट लाल मौर्य ने विचार व्यक्त करते हुए नमन किया।

निस्वार्थ एक पहल कोचिंग का मेधावी बच्चों का सम्मान समारोह का किया आयोजन



दैनिक बुलंद मंजिल / तहसील प्रभारी शिवम भारद्वाज

चन्दौसी। शुक्रवार को सुभाष प्राइमरी स्कूल फब्बारा चौक चंदौसी पर निस्वार्थ एक पहल कोचिंग का मेधावी बच्चों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर , सभी आगंतुक बच्चों अभिभावकों व शिक्षकों स्वागत करते हुए कविता शर्मा जी ने बताया कि बड़े हर्ष का विषय हैं कि कोंचिग में पढ़ने वाली छात्रा कु0 शिवांगी निवासी ग्राम अकबरपुर चितौरी ने कक्षा 6 के लिये आयोजित प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की हैं। एक अन्य छात्रा ने भी अटल आवासीय परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की। साथ ही कई बच्चों ने अथक परिश्रम कर इन परीक्षाओं में बहुत अच्छे अंक प्राप्त किये। सभी बच्चों का उनके अभिभावकों के साथ सम्मान किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए , कोंचिग में निस्वार्थ मेहनत कर बच्चों का मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे कविता शर्मा, सुनीता शर्मा, रितिका, संजय ,राजेंद्र,राहुल प्रणव , अंकुर , विश्वनाथ ,सत्यवीर , मनोज , राम प्रताप,राजकुमार ,अदिति आदि उपस्थित रहे।

UPSI 2025 परिणाम के साथ स्कोरकार्ड जारी करने की मांग तेज

अभ्यर्थियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



दैनिक बुलंद मंज़िल / अजयपाल यादव

बदायूं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (UPPRPB) द्वारा आयोजित होने वाली उपनिरीक्षक (UPSI) भर्ती 2025 के लिखित परीक्षा परिणाम को लेकर अभ्यर्थियों की मांग तेज हो गई है। अभ्यर्थियों ने बोर्ड अध्यक्ष को संबोधित एक ज्ञापन , सहसवान विधायक ब्रजेश यादव को सौंपकर परिणाम के साथ ही स्कोरकार्ड/अंकपत्र जारी करने की मांग उठाई है। साथ ही दो हजार और वैकेंसी बढ़ाये जाने की भी मांग रखी है। अभ्यर्थियों का कहना है कि पूर्व की भर्तियों में केवल सफल उम्मीदवारों की सूची जारी की जाती रही है, जिससे असफल अभ्यर्थियों को अपने प्राप्तांक की जानकारी नहीं मिल पाती। इससे पारदर्शिता को लेकर सवाल उठते हैं और अभ्यर्थी यह नहीं जान पाते कि वे कितने अंकों से पीछे रह गए।ज्ञापन में मांग की गई है कि वढरक भर्ती 2025 के लिखित परीक्षा परिणाम घोषित करते समय उश्र/ढरळ प्रक्रिया के दौरान ही सभी अभ्यर्थियों (सफल और असफल) के स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही, नॉर्मलाइज्ड मार्क्स और विषयवार अंक भी जारी किए जाएं, जिससे भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़े और अभ्यर्थियों का बोर्ड पर विश्वास मजबूत हो।अभ्यर्थियों ने उम्मीद जताई है कि बोर्ड उनकी इस मांग पर गंभीरता से विचार करेगा और परिणाम के साथ ही विस्तृत अंकपत्र जारी कर अभ्यर्थियों को राहत देगा। इस मौके पर नरेश यादव, अवनेश यादव, गुड्डू यादव, सुभाष , सर्वेंद्र, आदित्य, तिलकराज आदि अभ्यर्थी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थल घासीपुर एवं गौ आश्रय स्थल आनंदपुर का किया निरीक्षण



दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर

सम्भल/बहजोई। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखण्ड बहजोई के गौ आश्रय स्थल घासीपुर एवं गौ आश्रय स्थल आनंदपुर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम घासीपुर गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थल के लिए नेपियर घास लगवाने के लिए मिट्टी स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया तथा साफ सफाई तथा तालाब को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा गौ आश्रय स्थल की भूमि के कब्जा मुक्त कराने को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा गौ आश्रय स्थल आनंदपुर का भी निरीक्षण किया तथा गौशाला के पास मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर भी निर्देशित किया तथा साफ सफाई को लेकर भी संबंधित को निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा बड़ा मैदान बहजोई में 4 अप्रैल 2026 से 8 अप्रैल 2026(अपराह्न 3 बजे से 7 बजे तक) तक कथा व्यास निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर पूज्य डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज द्वारा की जाने वाली श्री राम कथा स्थल का भी निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं को देखा एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

दैनिक बुलन्द मंज़िल

Opinion

संभल
शनिवार, 04 अप्रैल 2026
